CMYK



खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शुक्रवार 13 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 12 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प ने मस्क की माफी स्वीकार की**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**हर गेंद पर चुनौती पेश करें भारतीय क्रिकेटरः गंभीर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आग का गोला बना एयर इंडिया ड्रीमलाइनर, 241 की मौत

## एक ब्रिटिश नागरिक जिंदा बचा, पांच मेडिकल स्टूडेंट्स की भी मौत, एयर इंडिया की फ्लाइट जा रही थी लंदन

### 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश सवार थे, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी का भी निधन

### ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलसे, पहचान करना हुआ मुश्किल, डीएनए टेस्ट से होगी पहचान

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद में गुरुवार** दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचने की बात सामने आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। एक न्यूज एजेंसी ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले एजेंसी ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। वहीं जिस हॉस्टल पर विमान गिरा है, वहां बोइंग ड्रीमलाइनर विमान बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में गिर गया। विमान का एक हिस्सा इंटर्न डाक्टरों के हॉस्टल के मेस में घुस गया। इससे पांच मेडिकल स्टूडेंट की मौत की खबर है। मृतकों में चार अंडरग्रेजुएट स्टूडेंट्स और एक पीजी रेजिडेंट डाक्टर बताया जा रहा है।

एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने एक्स पर यह जानकारी दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डाक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डाक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 -शेष पृष्ठ दो पर



## चमत्कारः एक यात्री जिंदा बचा



विमान हादसे में एक शख्स के जिंदा बचने की खबर है। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति रमेश विश्वास कुमार मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

## मोदी, शाह और खड़गे समेत अनेक नेताओं ने विमान हादसे पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अनेक नेताओं ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।

श्री मोदी ने इसे दिल दहलाने वाली घटना बताते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक पर एक पोस्ट में लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं, जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## टाटा ग्रुप ने किया एक-एक करोड़ के मुआवजे का ऐलान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए इस पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। टाटा ग्रुप ने पीड़ितों के लिए एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही विमान दुर्घटना में ध्वस्त हुई हॉस्टल की बिल्डिंग के निर्माण में भी मदद का आश्वासन दिया है।

श्री चंद्रशेखरन ने कहा कि मैं बहुत दुख के साथ इसकी पुष्टि करता हूं कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 दुर्घटना का शिकार हो गई। हमारी शोक संवेदनाएं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित सभी लोगों के परिजनों के साथ है। इस समय, हमारा ध्यान प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लोगों को ढांढस बंधाने पर है। हम दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवा में जुटी टीमों की सहायता करने और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता देने का काम पूरी ताकत के साथ कर रहे हैं। इस बारे में आगे जैसे ही और अधिक जानकारी मिलेगी उसे तत्काल अपडेट कर साझा करेंगे। विमान दुर्घटना के बारे में लोगों को जरूरी सूचना देने के लिए एक आपातकालीन केंद्र खोला गया है।

## पूरा देश खड़ा है प्रभावित परिवारों के साथः मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को हृदय विदारक बताते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।

श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस घटना के बारे में जानकर 'बहुत व्यथित' हैं और उन्होंने इसे 'हृदय विदारक आपदा' कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। एयर इंडिया के अमहदाबाद से लंदन जा रहे विमान में चालक दल के 12 सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे। विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## भारत की एयरलाइनों के कुछ बड़े हादसे

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 की दुर्घटना से पहले देश की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे इस प्रकार हैं-

⏭ एक जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई।

⏭ 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई। यह भारत का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।

⏭ 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई।

⏭ 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। इसमें एक विमान सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या 763 और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1907 था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।

⏭ 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।

⏭ सात अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।

⏭ 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

## एयर इंडिया बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर की है यह पहली घातक दुर्घटना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना अमेरिकी विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के किसी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का दुनिया में पहला भीषण हादसा है, जिसमें यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में परिचालन संबंधी कई खामिया प्रकाश में आती रही हैं, जिनमें यात्रियों के घायल होने की भी सूचना है। इस लेख के अनुसार इस विमान के साथ अभी तक कोई जानलेवा हादसा नहीं हुआ है। ड्रीमलाइनर भारत में पहली बार एयर इंडिया विमानों में 2012 में शामिल किए गए थे। ये विमान अपनी उच्च तकनीक, ईंधन की बचत और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक होने के कारण ये विमान विश्वभर की एयरलाइनों की पसंद में ऊपर बने हुए हैं। एयर इंडिया के बेड़े में 2016 में शामिल एक ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान गुरुवार अपराह्न अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे।

## पायलट ने आखिरी समय पर मे-डे कॉल किया था

**अहमदाबाद।** विमान के पायलट सुमित सुब्बरवाल ने आखिरी मौके पर मे-डे कॉल दिया था। यह एक अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कॉल है, जिसे पायलट उस स्थिति में भेजता है जब विमान गंभीर संकट में हो और उसे इमरजेंसी हेल्प की जरूरत हो। मे-डे शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द 'मैदे' से हुई है, जिसका अर्थ होता है मदद कीजिए (हेल्प मी)। इसे तीन बार दोहराया जाता है 'मे-डे, मे-डे, मे-डे' वहीं विमान हादसे के बाद एयर इंडिया ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह नंबर 1800-5691-444 है।

## विमान दुर्घटनाः स्थानीय प्रशासन की मदद को आई सेना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना के बाद भारतीय सेना भी मदद के लिए आगे आई है तथा सेना के जवान राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना की 130 कर्मियों वाली टीमों को तैनात किया गया है। इन टीमों में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डाक्टरों और पैरामेडिक्स मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल तथा अग्निशामक यंत्र शामिल हैं।

## सीजेआई गवई ने विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और उनके साथी अन्य न्यायाधीशों ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए दुखद विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शीर्ष अदालत की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्य न्यायाधीश और उनके साथी न्यायाधीशों ने रजिस्ट्री के अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में रिकॉर्ड बुकिंग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर को शेष देश से जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में पिछले छह दिनों में रिकॉर्ड बुकिंग दर्ज की गई है और आगामी दो हफ्तों के लिए सीटें भी एडवांस में बुक हो गई हैं।रेलवे सूत्रों के मुताबिक ट्रेन अगले दो हफ्तों के लिए पूरी तरह से भरी हुई है। कटरा-श्रीनगर-कटरा दोनों दिशाओं में चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में 26 जून तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि जुलाई के लिए भी सीटें बुक हो गई हैं। तीन जुलाई से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर भारी भीड़ होने की उम्मीद है। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं।

## मणिपुर में दूसरे दिन भी पांच जिलों में कर्फ्यू में ढील

**इंफाल।** मणिपुर में पांच जिलों में गुरुवार को 12 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, थौबल और विष्णुपुर में सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई। राज्य सरकार ने गुरुवार को इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में शैक्षणिक संस्थान खोलने की घोषणा की। स्थिति तनावपूर्ण रहने के कारण हालांकि अधिकांश संस्थान बंद रहे। इन पांचों जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध बरकरार है। सामाजिक सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) ने अपने एक नेता की गिरफ्तारी के विरोध में 10 दिवसीय बंद का आह्वान किया था, जिसे मंगलवार को वापस ले लिया गया। संगठन ने कहा कि बंद हिंसक हो रहा है।

## माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पर्वतारोहण अभियान दल को गुरुवार को यहां दस लाख रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। अभियान दल के सदस्यों की औसत आयु 19 वर्ष है और इनमें पांच लड़कियां और पांच लड़के शामिल है। दल ने गत 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। रक्षा मंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व में टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मान करते हुए कठिन परिस्थितियों में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

## पंजाबी इनफ्लुएंसर कमल कौर का शव कार से बरामद



**बठिंडा।** पंजाब पुलिस ने बुधवार रात बठिंडा में आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास खड़ी कार के अंदर पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर 'भाभी' का शव मिलने के बाद हत्या के पहलू से जांच शुरू कर दी है।

लुधियाना की रहने वाली कौर के इंस्टाग्राम पर 3.83 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और वह नियमित रूप से रील पोस्ट करने के लिए जानी जाती थीं और अक्सर रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करने के लिए सुर्खियों में रहती थीं। लोगों ने बताया कि बठिंडा-चंडीगढ़ हाईवे पर यूनिवर्सिटी के पार्किंग में खड़ी कार से दुर्गंध आ रही थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली, तो उन्हएक महिला का शव मिला।

## कोर्ट की सतर्कता ज्यूडिशियल टेररिज्म में न बदलेः सीजेआई



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए। ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो।

एक लीगल न्यूज पोर्टल के सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए। जस्टिस गवई ने आगे कहा कि ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

## गर्मी का सितम जारी, यूपी-बिहार में लू से पांच की मौत

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा पारा 48 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में गुरुवार को भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान भी 1-2 डिग्री बढ़ सकता है। यूपी के अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार है। बीते 24 घंटे में लू (हीटस्ट्रोक) से 4 लोगों की मौत हुई है। गुरुवार को भी प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को लगातार छठे दिन भीषण गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है। इधर, दिल्ली में पारा 45 डिग्री पहुंचने के कारण रेड अलर्ट है। बुधवार को दिल्ली का आया नगर 45.0 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली में भीषण गर्मी के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भीषण गर्मी जारी रहने पर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राजधानी दिल्ली में गुरुवार को चौथे दिन प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहा। विभाग ने इसके मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से बहुत जरूरी काम होने पर घर से बाहर निकलने की बात कही और निरंतर पेयजल लेने की अपील की। इन दिनों गर्मी और उमस का असर लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग इससे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विभाग के बुलेटिन के मुताबिक राजधानी में 13 जून तक प्रचंड गर्मी और लू जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कारीगरों को बाजार मुहैया कराना सरकार का उद्देश्य: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि देश भर के कारीगरों और दस्तकारों को बाजार उपलब्ध कराना के उद्देश्य से सरकार ने लोक संवर्धन पर्व मनाने का निर्णय लिया है। रिजिजू ने गुरुवार को यहां लोक संवर्धन पर्व का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि गांवों में जो कारीगरों के द्वारा बनाए गए सामान को बाजार तक लाने के लिए एक प्लेटफार्म का काम करेगा। उन्होंने कहा कि देश के एक राज्य से दूसरे राज्य में सामान बेचने में आसानी होगी। कारीगरों के आर्थिक जीवन में उत्थान लाने में मददगार साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह साल में इतने काम हुए हैं कि उससे गिनना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पहले सपना देखा जाता था अब हकीकत में बदल गया है और अर्थव्यवस्था ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आ गया है और जल्द ही दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं।

### प्लेन हादसे पर स्पष्टीकरण दे सरकार: सपा

**लखनऊ।** गुजरात स्थित अहमदाबाद में एअर इंडिया प्लेन क्रैश की घटना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शोक व्यक्त किया है। हालांकि सपा चीफ ने तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की दुर्घटना का तुरंत स्पष्टीकरण आए, जिससे आशंकाओं का उन्मूलन हो सके। उन्होंने लिखा कि यात्रियों और क्रू के सदस्यों, सभी के लिए प्रार्थनाएं. सर्वोच्च स्तरीय बचाव, राहत और उपचार उपलब्ध कराया जाए। इस हादसे पर सिराथू विधायक और अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने भी दुख जताया। उन्होंने लिखा कि अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल एयरपोर्ट के पास मेघाणी नगर में विमान हादसे की खबर प्राप्त हुई। मैं भगवान बुद्ध से सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं। मेरी कामना है कि जो भी हताहत हुए हैं, वे जल्द से जल्द स्वस्थ हों।

### इमरान मसूद के दावों पर भड़की सपा

**मऊ।** यूपी में कांग्रेस और सपा में रार बढ़ती नजर आ रही है। सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद की सपा के खिलाफ लगातार बयानबाजी पर अब प्रतिक्रिया आई है। सपा ने कहा है कि इमरान मसूद बीजेपी की मदद कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को संज्ञान लेने की जरूरत है। मऊ स्थित घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सपा सांसद राजीव राय ने कहा कि इमरान मसूद को न कांग्रेस ने अधिकृत किया है और न ही वो इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता है और न ही उत्तर प्रदेश के प्रभारी हैं। वो खुद समाजवादी पार्टी के सहारे जीते हुए एक सांसद हैं। उनको ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए।

## देश में कोरोना के सक्रिय मामले 7154 पर पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में दो और मप्र में एक मौत, मृतक संख्या बढ़कर 77 हुई

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आई है, गुरुवार सुबह आठ बजे तक 33 नए मामले सामने आने के साथ ही कुल सक्रिय मामलों की संख्या 7154 तक पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के संक्रमण से महाराष्ट्र में दो और मध्य प्रदेश में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 77 हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार मामलों में वृद्धि इस संक्रमण के नए उभरते वेरिएंट, विशेष रूप से एलएफ-7, एक्सएफजी, जेएन-1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी-1-8-1 सबवेरिएंट के कारण हो रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। आज सुबह तक 58 सक्रिय मामलों में कमी आने के बावजूद इसका आंकड़ा 2165 पर बना हुआ है और दिल्ली में लगभग 26 मामले घटने से संक्रमितों की कुल संख्या 731 रह गई। गुजरात में भी इसके मामले तेजी से बढ़कर 1281 तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में 747, महाराष्ट्र में 615, कर्नाटक में 467, तमिलनाडु में 231, यूपी में 227, राजस्थान में 141, हरियाणा में 83, आंध्र प्रदेश में 103, मध्य प्रदेश में 86, छत्तीसगढ़ में 45, बिहार में 40, ओडिशा में 42, सिक्किम में 39, पंजाब में 31, जम्मू-कश्मीर में 12, झारखंड में 19, असम में 13, तेलंगाना में 12, पुड्डुचेरी में आठ, उत्तराखंड में चार मामले पाए गए।

### पाक सेना प्रमुख मुनीर को अमेरिका सेना दिवस पर बुलाना

# भारत के लिए कूटनीतिक झटका: कांग्रेस

**नई दिल्ली।**



■ इस मुद्दे पर भारत सरकार को तुरंत सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए: जयराम रमेश

कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले से पहले भड़काऊ बयान देने वाले पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को अमेरिकी सेना दिवस पर शामिल होने के लिए बुलाना गंभीर चिंता का विषय और भारत की सामरिक विफलता का प्रतीक भी है।

पार्टी ने कहा कि अमेरिका से इस तरह की खबरें आना हमारी कूटनीतिक स्थिति को असहज बनता है और मजबूत कूटनीति को इस तरह कमजोर होते देखना चिंता पैदा करता है, इसलिए सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि खबर है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को अमेरिका के सेना दिवस (14 जून) के मौके पर वॉशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। यह खबर भारत के लिए कूटनीतिक और सामरिक दृष्टि से एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि यह वही व्यक्ति हैं, जिसने पहलगाम आतंकी हमले से ठीक पहले भड़काऊ और उकसाने वाली भाषा का इस्तेमाल किया था, सवाल उठता है कि अमेरिका की मंशा क्या है। अभी अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख ने भी बयान दिया था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान, अमेरिका का एक 'शानदार साझेदार' है। मोदी सरकार कह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, ऐसे में पाकिस्तानी सेना प्रमुख का अमेरिकी सेना दिवस में बतौर अतिथि शामिल होना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका सहित पूरी दुनिया को पाक की आतंकवाद-समर्थक भूमिका से अवगत कराकर लौटे प्रतिनिधि मंडल का प्रधानमंत्री अभी स्वागत-सत्कार कर ही रहे हैं और उसी वक्त वाशिंगटन डीसी से इस तरह की खबरें आ रही हैं, जो भारत की कूटनीतिक स्थिति को और असहज बनाती हैं।

### अयोध्या को 'मदिरालय' बना रही योगी सरकार, कुंभ मृतकों का छिपा रही है आंकड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पैसा कमाने के लिए पवित्र नगरी अयोध्या को 'मदिरायल' में तब्दील कर दिया है और वहां प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब बेची जा रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस अयोध्या को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उसका सच अब सामने आ गया है। साफ़ है कि इस सरकार ने पैसे कमाने के लिए अयोध्या में शराब की दुकानें खोली हैं। भगवान राम की अयोध्या नगरी को मदिरामय कर दिया गया है। यह अयोध्या का अपमान है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में नगर निगम कार्यसमिति ने गत एक मई को राम पथ के 13 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन असलियत यह है कि रामजन्मभूमि के आसपास के कई इलाकों में शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं।

### मोदी ने 11 वर्षों में तोड़ा हर वादा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गुरुवार को सीधा हमला करते हुए हर वादा तोड़ाने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले 11 वर्षों में उन्होंने देश की जनता से कई वादे किए, लेकिन कोई भी वादा निभाया नहीं। कांग्रेस नेता ने आज कहा कि मोदी लोगों को लुभाने के लिए खूब वादे करते हैं, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं करते हैं। वह वादा तोड़ते हैं, इसलिए उनका हर वादा जुमला साबित हो जाता है। उन्होंने देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने की बजाए सपने तोड़कर उन्हें बेरोजगार बनाया है। गांधी ने यहां जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 वर्षों में हर वादा तोड़ा। दो करोड़ नौकरियां देने का वादा जुमला बन गया। पकौड़े तलवाए, फॉर्म भरवाए, लेकिन कोई दिशा नहीं दी। डिग्री के बाद भी नौकरी नहीं, तैयारी के बाद भी भर्ती नहीं, मेहनत के बाद भी सम्मान नहीं। ये सिर्फ़ बेरोज़गारी नहीं- ये देश के युवाओं की उपेक्षा है। उन्हें एक सपना दो। उन्हें राष्ट्रनिर्माण में भागीदार बनाओ।

## अमरनाथ यात्रा में 125 लंगर लगाए जाएंगे

**जम्मू, वार्ता**

■ सामग्री और शेड लगाने के लिए ले जाने वाले ट्रक 15 जून से पहुंचना शुरू हो जाएंगे

केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा में प्रदेश के प्रवेश द्वार लखनपुर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लखनपुर से बाबा बर्फानी के मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे, जिसमें पहलगाम और बालटाल मार्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लंगर सामग्री और शेड लगाने के लिए ढांचागत उपकरण ले जाने वाले ट्रक 15 जून से जम्मू-कश्मीर पहुंचना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि लंगर लगाने की प्रक्रिया इस महीने के अंत तक पूरी हो जाएगी। इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होने वाली 38 दिवसीय यात्रा रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को समाप्त होगी। पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू से रवाना होगा। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा मार्गों के अलावा अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा लंगर संगठनों को अनुमति दिए जाने के बाद लखनपुर से श्रीनगर और पहलगाम तथा बालटाल तक 50 से अधिक लंगर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लंगर संगठन गुफा मंदिर के रास्ते में सामुदायिक रसोई स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 25 लंगर बालटाल और दोमेल में, 13 लंगर पवित्र गुफा में, आठ शेषनाग में, पांच पिस्सूटॉप में, 12 पंचतरणी में, सात चंदनवाड़ी में, नौ नुनवान में और पांच जोजीबल में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू आधार शिविर यात्री निवास भगवती नगर में पांच लंगर और जम्मू-पठानकोट तथा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 50 लंगर लगाए जाएंगे। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने लंगर संगठनों के लिए भोजन मेनू को भी अंतिम रूप दिया है और उन्हें तैलीय वस्तुओं से बचने के लिए कहा है। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों को पौष्टिक और स्वस्थ भोजन खाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा अनंतनाग जिले के पहलगाम में स्थित है और हिंदुओं का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है।जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यात्रा मार्ग के रखरखाव, उन्नयन और चौड़ीकरण का भी निरीक्षण किया।

### किसानों का संबल बनी सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। यह योजना 14 सितंबर 2019 से लागू हुई थी। योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु-विकलांगता की दशा में अधिकतम पांच लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार (13 जून) को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जनपद के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में कल से शुरू होगा बारिश का दौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भीषण गर्मी के दौरान मिलेगी लू से राहत, 14 जून से मानसून की उम्मीद

**लखनऊ।** पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है, लेकिन 14 जून से मौसम में बदलाव आने की उम्मीद है। 14 जून के बाद प्रदेश में तीन से चार दिनों तक आंधी और बारिश की संभवना है, जिससे लू और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

गर्मी के कारण लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। सभी लोग बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी गर्मी से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। फिलहाल मौसम विभाग ने यहां शुक्रवार में कोई बड़ा बदलाव होने की संभवना जताई है। हालांकि इसके बाद प्रदेश में बारिश और आंधी की संभावना नजर आ रही है। इसके बाद ही प्रदेशवासियों को लू से राहत मिल सकेगी। यूपी को लेकर मौसम विभाग ने नाइट हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। अब दिन के साथ-साथ रात में भी भीषण गर्मी का कहर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी के कई जिलों में गुरुवार को आंशिक रूप से बादल छाए थे। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है, लेकिन उमस और तपिश भरी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान आगरा का 45.4 डिग्री सेल्सियस किया गया है। दूसरा सबसे ज्यादा तापमान वाला जिला बांदा रहा। यहां पारा 44.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अंचलिक विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि फिलहाल प्रदेश में कोई असरदार मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। इस वजह से मौसम शुष्क बना हुआ है और धरती की सतह से निकलने वाली गर्मी (विकिरणीय ऊष्मन) के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसी कारण बीते कुछ दिनों से ज्यादातर जगहों पर तापमान सामान्य से काफी ज्यादा बना हुआ है। अगले 1-2 दिन तक इसमें कोई बड़ा बदलाव होने की फिलहाल कोई संभवना नही हैं।

## अर्थ व्यापार

## इजरायल-ईरान तनाव से बाजार में कोहराम

**मुंबई, वार्ता**



इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में कोहराम मैच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 823.16 अंक अर्थात 1.00 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 45,827.04 अंक और स्मॉलकैप 1.38 अंक लुढ़ककर 53,531.47 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4151 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2729 में बिकवाली जबकि 1282 लिवाली वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2969 कंपनियों के शेयरों में से 2112 में गिरावट जबकि 783 में तेजी रही वहीं 74 में टिकाव रहा। बीएसई के 21 समूहों में जबरदस्त बिकवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक बढ़कर 82,571.67 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर 82,661.04 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली शुरू होने से यह लगातार गिरता हुआ 81,523.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,515.14 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत टूटकर 81,691.98 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 25,164.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,196.20 अंक के उच्चतम जबकि 24,825.90 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### एनएसई को सेबी से मासिक बिजली वायदा अनुबंध

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने कहा कि उसे मासिक बिजली वादा अनुबंध शुरू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से विनियामक अनुमोदन प्राप्त हो गया है। एनएसई द्वारा मासिक बिजली वायदा शुरू करने का उद्देश्य बाजार सहभागियों को बिजली की कीमतों में उतार-चढ़ाव के खिलाफ प्रभावी 'हेजिग' उपकरण प्रदान करना, अधिक सटीक मूल्य संकेतों को सक्षम करना और बिजली मूल्य श्रृंखला-उत्पादन, संचरण, वितरण और खुदरा में पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना है।

## चुनिंदा दालों में नरमी, खाद्य तेलों में उबाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज मांग निकलने से खाद्य तेलों में उबाल आ गया और इस दौरान चुनिंदा दाल दलहन में नरमी रही।

इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 182 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 330 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 365 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1620 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल उबल गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल- दलहन : दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

### सिंधु जल संधि निलंबन का लाभ उठाया जाएगा: खट्टर

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के वर्तमान निलंबन का पूरा लाभ देश के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उठाया जाएगा। खट्टर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ समीक्षा बैठक के बाद श्रीनगर में मीडिया के साथ बातचीत कर रहे थे।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आग का गोला..**

यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इसमें कोरोना के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से भारतीयों को लाया जा रहा था। एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह क्रैश हो गई। जानकारी के मुताबिक विमान एयरपोर्ट की दीवार और एयर कस्टम कार्गो ऑफिस के पास क्रैश हुआ। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े, तो हाथ ठेले से लेकर पहुंचे शव, अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी अहमदाबाद प्लेन क्रैश होने के बाद हादसे के शिकार लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े तो हाथ ठेले से शवों को ले जाया गया। अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी होने के बाद ब्लड डोनेशन की अपील की है। अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन सिविल हास्पिटल के हॉस्टल की 4 बिल्डिंग से टकराया था। जिनमें रेजिडेंट डाक्टर रहते थे। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डाक्टर्स मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान की बैट्री से बनावट तक विवाद बोइंग का 787.8 ड्रीमलाइनर विमान अपनी फ्यूल एफिशिएंसी और आरामदायक सफर के लिए जाना जाता है। हालांकि इसकी सेफ्टी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसमें खामियां सामने आने के बाद दुनियाभर में इसकी फ्लीट के उड़ान भरने पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी। अहमदाबाद में क्रैश हुए एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में पंजाब भाजपा के प्रभारी एवं गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया। वह 3 साल से पंजाब और चंडीगढ़ भाजपा के प्रभारी थे। उन्होंने 3 दिन पहले लुधियाना में वेस्ट हलका के उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता के लिए प्रचार किया था। एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में सवार एक यात्री आकाश वत्स ने कहा कि मैंने इसी विमान में कुछ गड़बड़ियां देखी थीं। सीट का टच स्क्रीन नहीं चल रहा था, बटन खराब थे। मैं यह वीडियो एयर इंडिया को भेजना चाहता था। मैं और ज्यादा जानकारी देना चाहता था। कृपया मुझसे संपर्क करें।

## भाजपा ने टैगोर के मकान पर हमले के लिए यूनुस की भर्त्सना की

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने बंगलादेश में नोबेल पुरस्कार से अलंकृत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर इस्लामिक कट्टरपंथियों के हमले और दोषियों पर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की कड़ी निंदा की है और वैश्विक समुदाय से इस कृत्य के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है।

भाजपा के प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बंगलादेश की अंतरिम सरकार की भर्त्सना करने के साथ ही पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की इस घटना पर चुप्पी की आलोचना की और कहा कि सुश्री बनर्जी वोटबैंक की राजनीति के कारण चुप्पी साधे हैं, जबकि भाजपा सभ्यतागत मूल्यों की राजनीति के कारण मुखर हुई है। डा. संबित पात्रा ने कहा कि आप सबको विदित है कि मंगलवार को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी के बंगलादेश में स्थित पैतृक घर पर हमला हुआ और उसको काफी क्षति पहुंचाई गई। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर कोई आम शख्सियत नहीं थे। वे असाधारण विविधता वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने साहित्य, दर्शन और दृष्टि के माध्यम से दुनिया को बहुत योगदान दिया। टैगोर सीमाओं तक सीमित नहीं थे, उनकी विरासत राष्ट्रों से परे थी। उन्होंने 2 राष्ट्र के राष्ट्रगान को लिखा। भारत के राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' को रबिन्द्रनाथ जी की कलम ने ही संजोया और बंगलादेश के राष्ट्रगान को भी उन्होंने ही लिखा था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस घर पर हाल ही में हुआ हमला हिंसा की एक पूर्व नियोजित घटना में किया गया था। रवीन्द्रनाथ टैगोर के दादा जी द्वारकानाथ टैगोर ने 1840 में ढाका से लगभग 125 किमी दूर सिराजगंज में एक दोमंजिला घर बनाया था। मीडिया के माध्यम से पता चल रहा है कि उनके घर पर ये जो हमला हुआ है ये 'जमात-ए-इस्लामी' और 'हिफाजत- ए-इस्लाम' संगठन के लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हाईस्कूल के 9, इंटर के 10 मेधावी छात्रों को चेक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

## कार्यक्रम में कैंट विधायक, ऊर्जा राज्यमंत्री व महापौर रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश के वर्ष 2025 में विभिन्न बोर्डो से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों एवं 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में पदक विजेता छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज की परीक्षा में कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र वैष्णवी सिंघल, ए.एस. इंटर कालिज, मवाना, मेरठ केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के कक्षा 12 के छात्र करन पिलानिया, सिटी वोक. ेशनल पब्लिक स्कूल, सर्कुलर रोड, मेरठ, सानिध्य कुमार, ट्रांसलेम एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, मवाना रोड, मेरठ को राज्य स्तर पर एक लाख प्रति विद्यार्थी कोषागार के माध्यम से विद्यार्थी के बैंक खाते में, एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया।


प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते महापौर, विधायक, राज्यमंत्री।

68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत जनपद मेरठ के तीन एकल स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को कोषागार के माध्यम से 75 हजार प्रति खिलाड़ी, टीम द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त एक खिलाड़ी को 35 हजार प्रति खिलाड़ी कोषागार के माध्यम से विद्यार्थी के बैंक खाते में, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2024-25 में रजत एवं कांस्य पदक विजेता छात्र-छात्राओ को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री, ऊर्जा सोमेन्द्र तोमर, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, डीएम डॉ. वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रथम मण्डल, मेरठ ओंकार शुक्ल, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल के 9, इण्टरमीडिएट के 10 मेधावी विद्यार्थियों को रूपये इक्कीस हजार प्रति विद्यार्थी कोषागार के माध्यम से विद्यार्थी के बैंक खाते में, एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## बाढ़ मॉक एक्सरसाइज की ओरिएंटेशन एवं कॉआर्डिनेशन कान्फ्रेंस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बाढ़ आपदा प्रबन्धन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से 26 जून 2025 में जनपद मेरठ की तहसील मवाना में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के 44 जनपदों की बाढ़ मॉक एक्सरसाइज की ओरिएंटेशन एवं कोर्डिनेशन कान्फ्रेंस उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई, जिसमें अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक देहात, उप जिलाधिकारी, मवाना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पशु पालन विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, भारतीय सेना के अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ, मेरठ आदि द्वारा एन.आई.सी. सभागार, कलेक्ट्रेट मेरठ में उपस्थित होकर प्रतिभाग किया गया।

# प्राइवेट अस्पताल में बसपा नेता के संरक्षण में चल रहा झोलाछापों का नेटवर्क

## प्रसूता की जान खतरे में डालने वाले अस्पताल और झोलाछापों की जांच शुरू

**छह दिन पहले अस्पताल में झोलाछाप महिला करा रही थी प्रसव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** झोलाछाप के सहारे संचालित हस्तिनापुर रोड पक्का तालाब के पास स्थित प्राइवेट अस्पताल झोलाछापों का नेटवर्क एक बसपा नेता के संरक्षण में चल रहा है। यहां पर दलित मरीजों की जान से खिलवाड़ करने के साथ उनसे मनचाही वसूली भी की जा रही है। छह दिन पहले इसी अस्पताल में प्रसव कराने आई महिला की जान खतरे में डालने वाले झोलाछाप और अस्पताल के खिलाफ शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। **यह था मामला...** बीती 7 जून को पाली निवासी रिंकू ने अपनी पत्नी को प्रसव के लिए पक्का तालाब के पास अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन प्रशिक्षित डाक्टर के बजाय एक महिला झोलाछाप से उसका प्रसव कराने की नाकाम कोशिश की। छोटी सर्जरी के नाम पर झोलाछाप ने चीरा लगाया तो महिला की हालत




बिगड़ गई। उसी महिला झोलाछाप द्वारा बेहतर सुविधा और डाक्टर उपलब्ध होने की बात कहने पर मरीज का पति उसे मुबारिकपुर रोड स्थित अस्पताल में ले गया, लेकिन वहां पर झोलाछाप ने प्रसव में और बड़ा चीरा लगा दिया। इससे महिला की हालत गंभीर हो गई और उसकी जान को खतरा पैदा हो गया। बदहवास पति अपनी पत्नी को लेकर मेरठ के एक निजी अस्पताल में ले गया, जहां डाक्टरों ने किसी तरह महिला और उसके बच्चे की जान बचाई। पीड़ित पति ने बताया कि उसकी पत्नी की हालत में कुछ खास सुधार नहीं आ पाया है।

### भारतीय जनता पार्टी के राज में बसपा नेता की दबंगई

नगर में पक्के तालाब के पास झोलाछाप के सहारे चल रहा यह अस्पताल बहुजन समाज पार्टी के एक मंडल स्तरीय पदाधिकारी के सगे रिश्तेदार का है। हैरत की बात यह है कि भाजपा की सरकार में भी बसपा नेता के रसूख के चलते आज तक इस अस्पताल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है, जबकि पहले भी इस अस्पताल में झोलाछाप अपने इलाज से कई मरीजों की जान खतरे में डाल चुके हैं। अब देखना होगा कि योगीराज में बसपा नेता के रिश्तेदार अस्पताल संचालक के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग क्या कार्रवाई करेगा।

## पशु विभाग में तैनात कंपाउंडर पर छेड़छाड़ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के ब्लॉक परिसर में पशु विभाग के कंपाउंडर पर एक लड़की द्वारा गलत हरकत का आरोप लगाने पर लड़की पक्ष के दर्जनों युवकों ने पहुंचकर कंपाउंडर के साथ मारपीट कर दी थाना पुलिस ने कंपाउंडर व लड़की के भाई का शांति भंग में चालान किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी एक लड़की ने पशु विभाग में तैनात अरुण शर्मा पर आरोप लगाते हुए बताया कि बुधवार को वह पशुओं की दवाई लेने नगर के पशुओं के अस्पताल में गई थी जहां अरुण शर्मा ने उनके साथ गलत हरकत की जिसकी सूचना उसने भाई व परिजनों को दी। जिसके बाद पीड़ित का भाई अस्पताल पहुंच गया तथा कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया। वहीं गुरुवार को फिर लड़की का भाई हिमांशु अपने दर्जनों साथियों के साथ अस्पताल में पहुंच गया तथा लाठी डंडों से कंपाउंडर के साथ मारपीट कर दी जिसके बाद सूचना पर पहुंची थाना पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने आ गई मगर कुछ गण मान्य लोगों ने समझौता कराने का प्रयास किया जिसके बाद कंपाउंडर अरुण शर्मा ने मेडिकल भी नहीं कराया मगर पुलिस ने कंपाउंड अरुण शर्मा व लड़की के भाई को शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। दोनों पक्षों के करीब डेढ़ दर्जन युवकों को मुचलका में पाबंद भी कर दिया। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। पीड़ित को थाने में तहरीर देनी थी।

## डीएम-एसएसपी ने किया कांवड़ मार्ग व जानी गंग नहर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को डीएम वीके सिंह व एसएसपी विपिन कुमार ताडा ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए कांवड़ मार्ग जानी गंग नहर भोला झाल का निरीक्षण किया। जिसमें डीएम व एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर को निर्देश दिए गये।

डीएम और एसएसपी ने क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए



उनका सहयोग की बात कही उन्होंने कहा कि जनता के बगैर कोई भी काम नहीं किया जा सकता। जनता का हमें सहयोग मिलता रहा है। दोनों अधिकारियों के आगमन की खबर सुनते ही जानी थाने में हड़कंप मच गया। इस दौरान एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

## प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में डॉ. संजय जैन ने किया भाजपाइयों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा का प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम सीसीएसयू के अटल सभागार में आयोजित हुआ था। उसमें ऋषभ एकाडेमी के सचिव डॉ. संजय जैन भी शामिल हुए। इस मौके पर डॉ. संजय जैन ने बुके देकर सांसद अरुण गोविल व महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी का स्वागत किया। इस प्राफेशनल मीट में भाजपा के तमाम बड़े नेता जिनमें पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, भाजपा के कैंट विधायक अमित अग्रवाल, मेरठ प्रभारी विजय शिवहरे, रविश अग्रवाल, वरूण गोयल आदि भी शामिल हुए। डॉ. संजय जैन ने सभी से मुलाकात की और प्रोफेशनल मीट को लेकर विचार साझा किए।



# नहर में डूबे उमैर का 20 किलोमीटर दूर मिला शव

## अपनी नानी के यहां किठौर आया था मासूम, बुधवार शाम से था लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राधना नहर में डूबे उमैर का शव करीब 20 किलोमीटर दूर बदरखा हापुड़ बम्बे में मिला। परंतु रेस्क्यू में लगे गोताखोर, एनडीआरएफ जवान उसे तलाश नही पाए। गुरुवार को उमैर का शव हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर थानांतर्गत बदरखा के रजवाहे में बहता मिला। ग्रामीणों ने शव निकालकर परिजनों से शिनाख्त कराई। इस बीच किठौर व गढ़ मुक्तेश्वर पुलिस आपसी विवाद में उलझी रही। अंत में परिजनों की मनाही के बावजूद गढ़ पुलिस ने उसे मोर्चरी भेज दिया।

मुजफ्फरनगर का बहेड़ी निवासी उमैर (8) पुत्र जान मुहम्मद बीते रविवार को मम्मी निकहत परवीन के साथ अपनी ननिहाल किठौर के



राधना में सदाकत ऊर्फ फर्रु के यहां आया था। बुधवार शाम लगभग 3:30 बजे वह घर से निकला तो फिर वापस नही लौटा। परिजनों ने तलाश शुरू की तो मोहल्ले के बच्चों ने उसे नहर पर देखा जाना बताया। परिजन नहर पर पहुंचे पुल के पास उसके कपड़े व चप्पल रखे मिले। परिजनों ने पुलिस को अवगत कराया। चौकी इंचार्ज सचिन कुमार स्थानीय गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे और सर्च ऑप्रेशन शुरू कराया। गोताखोरों और ग्रामीणों ने रातभर तलाश की लेकिन उमैर हाथ नही आया। पुलिस ने एनडीआरएफ को सूचना दी। गुरुवार तड़के राधना पहुंची एनडीआरएफ टीम ने 7 बजे सर्च ऑप्रेशन शुरू किया। एनडीआरएफ सर्चिंग कर रही थी कि 9 बजे उमैर का शव बदरखा रजवाहे में मिल गया। ग्रामीणों ने शव निकालकर मृतक के परिजनों और गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को जानकारी दी। शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। गढ़मुक्तेश्वर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उधर बदहवास परिजन किठौर पुलिस के साथ बदरखा पहुंचे और शव की शिनाख्त करते हुए पोस्टमार्टम से इंकार किया। बताया कि पंचनामे की कार्रवाई को लेकर किठौर और गढ़मुक्तेश्वर पुलिस में उलझन भी हुई लेकिन बाद में गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### बेटे की मिट्टी में शामिल नही हो पाएगा पिता

उमैर का पिता जानू ऊर्फ जान मुहम्मद सऊदी अरब में है। प्लंबर का काम करता है। घर वालो ने जानू को मौत की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वह बिलख उठा। पिता विदेश में होने के कारण उमैर की मिट्टी में शामिल नही हो सकेगा। इधर बेटे की मौत की खबर मिलते ही निकहत बदहवास हो गई। ऐसे में निकहत के मायके वालों और अन्य रिश्तेदारों ने स्थिति को संभाला। वही मायके राधना व ससुराल बहेड़ी मुजफ्फर नगर में गमगीन माहौल है।

## बाल श्रम मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्रम विभाग ओर जनहित फाउंडेशन मेरठ द्वारा विश्व बाल श्रम दिवस के उपलक्ष में श्रम विभाग कार्यालय बेगमपुल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक श्रमायुक्त अवदेश व संस्था जनहित फाउंडेशन की निदेशिका अनिता राणा उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन विनय दूबे श्रम प्रर्वतन अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाल श्रम से बच्चों को मुक्त कराने के विषय पर जोर देते हुए सहायक श्रमायुक्त द्वारा जनपद में रेसक्यू अभियान को जारी रखने के लिए कहा, साथ ही संस्था जनहित फाउंडेशन की निदेशिका अनीता राणा द्वारा बताया कि संस्था नें लगभग 300 से अधिक बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर उनकों पुर्नवासन की प्रक्रिया के साथ योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया

# सीवीपीएस के करन पिलानिया को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**मेरठ।** लखनऊ के भव्य मंच पर आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान 2025 कार्यक्रम में सिटी वो. केशनल पब्लिक स्कूल, मेरठ के गौरव, करन पिलानिया को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया। करन पिलानिया ने सीबीएसई विज्ञान वर्ग से कक्षा 12वीं की परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर देशभर में प्रथम स्थान अर्जित किया, जिससे उन्होंने न केवल विद्यालय का, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने करन पिलानिया को एक लाख रुपए का चेक, मेडल एवं प्रशस्ति



पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जो संस्था की शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचायक है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओ.पी. अग्रवाल, चेयरपर्सन डॉ. सरोजनी अग्रवाल आदि रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सरकारी भूमि पर कब्जा करने का मामला**

# डीएम ने शासन को सभासद बरखा जाटव की भेजी रिपोर्ट, राज्यपाल ने किया पदमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर पंचायत परीक्षितगढ़ के वार्ड 1 के सभासद द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध दुकान बना कर कब्जा करने की शिकायत पर मेरठ डीएम ने मामले की जांच कर शासन को रिपोर्ट भेजी। जिस पर राज्यपाल ने सभासद को पद से हटाने की स्वीकृति करते हुए निर्वाचन आयोग को दोबारा चुनाव कराने के निर्देश दिए। नगर के मौहल्ला रामनगर दरवाजा निवासी निशांत त्यागी पुत्र मनोज त्यागी ने 11 फरवरी 2024 को वार्ड नम्बर 1 के सभासद बरखा जाटव पत्नी संदीप जाटव द्वारा मौहल्ला होलीवाला मेरठ मार्ग स्थित सरकारी भूमि खसरा संख्या 1777 पर अवैध कब्जा कर दुकान बनाने की शिकायत की थी तथा दुकान पर सभासद पति संदीप जाटव ने जन सेवा केंद्र खोल रखा था। इस मामले की शिकायत करने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम मवाना को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जांच और पैमाइश में खसरा संख्या 01777 में आंशिक भाग 5.5 वर्ग मीटर भूमि पर सभासद बरखा के पति संदीप कुमार ने अवैध कब्जा करने की पुष्ठि की गई। वहीं डीएम ने सभासद बरखा जाटव को दो बार स्पष्टी करण प्रस्तुत करने के अवसर दिया था। लेकिन सभासद द्वारा सन्तोष जनक जवाब प्रस्तुत नही करने पर मेरठ डीएम ने नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 13 घ- ढ़ का उल्लघन किए जाने का दोषी पाते हुए पद मुक्त करने की रिर्पोट शासन को भेजी। जिस पर राज्यपाल ने सभासद बरखा जाटव को पद से मुक्त करने के निर्देश दिए और निर्वाचन अधिकारी को 6 माह के अन्दर चुनाव कराने के निर्देश दिए। यह मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।



# पेंशन धारकों का किया जा रहा सत्यापन

**मथुरा।** गांव में शिविर लगाकर पैंशन धारकों का सत्यापन किया जा रहा है। जिन पात्रों की पेंशन किसी वजह से रूक गई है, उसका समाधान किया जा रहा है। पेंशन योजना का किसी भी प्रकार से अपात्र होते हुए भी लाभ ले रहे व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है।

गावों में ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी से लेकर राशन डीलर तक का सहयोग लिया जा रहा है। शिविर लगा कर सत्यापन और चिन्हांकन कार्य को पूरा किया जा रहा है। विकास खंड मथुरा की ग्राम पंचायत खामिनी में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। एडीओ एसटी राजीव सक्सेना, प्रधान अशोक कुमार, सचिव हरेंद्र सिंह, पंचायत सहायक गोविंद सिंह, ग्राम रोजगार सेवक बृजबिहारी शर्मा, कोटेदार रवि कुमार आदि



इस अवसर पर मौजूद रहे। शि. विर का उद्देश्य पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और अपात्रों को योजना के लाभ से संचित करना है। दिव्यांग पेंशन के सत्यापन में कुछ ऐसे लाभार्थी मिले हैं, जो योजना के पात्र ही नहीं है।

इनमें से 10 ऐसे लाभार्थी मिले हैं, जो कागजों में फर्जी दिव्यांग बनकर योजना का लाभ ले रहे थे। यहीं नहीं 75 ऐसे भी लाभार्थी हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है बावजूद इसके उनके खाते में पेंशन की रकम जा रही है। हालांकि सत्यापन रिपोर्ट आने बाद विभाग ने इन लाभार्थियों के खाता बंद कर दिए हैं। साथ ही अपात्रों से पेंशन रकम की रिकव. री भी कराई जाएगी। इस योजना के तहत जिले में 12 हजार से अधिक लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन दी जा रही है। सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद अब मृतकों और अपात्रों के नाम काटने की कार्रवाई शुरू की गई है।

# मथुरा वृंदावन के बीच अव्यवहारिक प्रोजेक्ट का खात्मा हमारी जीत: संघर्ष समिति



**मथुरा।** रेल मंत्रालय ने मथुरा वृंदावन रेलवे लाइन को मीटर गेज से ब्रॉड गेज में बदलने के अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को स्थायी रूप से बंद कर दिया है। प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 402 करोड़ रुपये थी। रेलवे ने प्रोजेक्ट को अलाभकारी करार देते हुए बंद किया। रेल मंत्रालय के फैसले से मथुरा वृंदावन के लोग खुश हैं। स्थानीय होटल में प्रेसवार्ता में संघर्ष समिति ने अपनी जीत की घोषणा की। कुंवर नरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिस मूल स्वरूप को 21 फुट उठाकर ब्रॉडगेज रेलवे लाइन डालने का व उसके सहारे से दोनों तरफ रेलवे की भूमि पर ग्यारह फुट ऊंची आरसीसी की दीवार बनाने की योजना को साकार रूप दिया जा रहा था। उसका सम्पूर्ण लोगों ने विरोध किया। जिसमें कुछ समाज सेवियों ने वृन्दावन रेलवे स्टेशन से सैंकड़ों साथियों के साथ मथुरा जंक्शन तक पदयात्रा कर सबसे पहले विरोध किया था व डीआरएम को मथुरा जंक्शन पर ज्ञापन सौंपा था। जिसमें वृंदावन, धोरेरा, जयसिंग पुरा, बिरला मंदिर, डीग दरवाजा, कैलाश नगर, बृजनगर, नानक नगर व डंपियर के सभी निवासियों ने विरोध जताते हुए साथ दिया था। प्रोजेक्ट जन हित में व्यावहारिक नहीं था वो प्रोजेक्ट शहर को दो भागों में बांटने का काम कर रहा था। जिससे शहर वासियों की हवा पानी बंद हो जाता क्योंकि उसमें 17 पुल का निर्माण करा जा रहा था इसलिए सरकार रेल विभाग ने रेलवे लाइन डालने का निर्णय निरस्त किया है। प्रोजेक्ट से जुड़े रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दोनों शहरों के बीच रेल संपर्क का काम करीब दो साल पहले शुरू हुआ था. मथुरा तथा वृंदावन दोनों तरफ से रेल पटरियां बिछाने में काफी समय और पैसे भी खर्च किया गए थे।

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी पकडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना सदर बाजार पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

**निविदा सूचना**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के निर्देशानुसार कच्चा माल खरीद हेतु रजिस्टर्ड व्यापारी/फर्म से निविदाएं सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। संस्था का नाम **ग्रामोद्योग प्रसार संस्थान, रोहटा रोड, मेरठ** को देसी रूई 700 कुंतल। इच्छुक सक्षम व्यापारी/फर्म निविदा दिनांक 04.07.2025 दोपहर 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 04.07.2025 को ही दोपहर 03:00 बजे खोली जाएगी। अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**-मंत्री, ग्रामोद्योग प्रसार संस्थान, रोहटा रोड, मेरठ। मो. 9837043560**


# कार्यालय-नगर पालिका परिषद पिलखुवा जनपद-हापुड़।

**पत्रांक:**449 / 2025-2026 **दिनांक**-12.06.2025

## -:सार्वजनिक नीलामी:-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद पिलखुवा, हापुड में दिनांक 24.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे से नीचे सूची में अंकित सार्वजनिक नीलामी तालिका के अनुसार निर्धारित तिथि एंव समय पर की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता पालिका में नियत तिथि एवं समय पर निर्धारित नियम / शर्त के अन्तर्गत बोली में भाग ले सकते है।

| क्र.स. | मदवार विवरण | बोली का विवरण | किराया | विभाग का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कन्विनियेन्ट शॉपिग सेन्टर: के प्रथम तल के ऑफिस | | | |
| | आधा भाग-A | 500000/-पीमियम | 1000/-प्रति माह | नगर पालिका परिषद पिलखुवा। |
| | आधा भाग-B | 500000/-पीमियम | 1000/-प्रति माह | |

**नियम/शर्ते**
1. बोली की न्यूनतम धरोहर धनराशि का 10 प्रतिशत नगर पालिका परिषद पिलखुवा में नकद जमा कर इच्छुक व्यक्ति/फर्म नीलामी में भाग ले सकते है।
2. नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति को पैन कार्ड, जी.एस.टी. नम्बर संलग्न करना होगा।
3. बोली समाप्त होने के 03 दिवस में उच्चतम बोलीदाता को 25 प्रतिशत धनराशि नकद /डी.डी./आर.टी.जी.एस. द्वारा जमा करना अनिवार्य है। चैक आदि स्वीकार नही होगा तथा शेष धनराशि 15 दिवस में जमा करानी होगी।
4. बोली को निरस्त का अधिकार एंव वाद विवाद की स्थिति में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पिलखुवा का निर्णय अन्तिम होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिलखुवा**
**जनपद-हापुड**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद पिलखुवा**
**जनपद-हापुड**

# विधायक ने कृषकों को वितरित कीं खनिज मिश्रण किटें

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** 29 मई से प्रारंभ हुए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का गुरूवार को समापन हो गया। विधायक राजीव तरारा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया और किसानों को खनिज मिश्रण प्रदान किया गया। अभियान के अंतिम दिन गजरौला ब्लॉक के ग्राम शाहबाजपुर गुर्जर, तुमड़ा एवं अम्हेड़ा तथा जोया विकासखंड के ग्राम शाहबाजपुर कला, जगुआ खुर्द ,रायपुर शहजादपुर, पूरनपुर, सरकडी अजीज, कालाखेड़ा एवं मकनपुर में कार्यक्रम हुए। विधायक राजीव तरारा ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा की किसान प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा कृषक हित में चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। कहा कि कीटनाशकों का कम से कम प्रयोग करें, क्योंकि अधिकाधिक कीटनाशक से मानव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉ.एके मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी कर्मचारियों और किसानों का आभार जताया। बताया कि इस अभियान में जनपद के 134 गांवो में कार्यक्रम हुए। इस मौके पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से डॉ.जीके गौड, डॉ.सुरेश कुमार डबास, डॉ.अभिषेक विश्वास, डॉ.एसके वर्मा, डॉ.रविंद्र कुमार, धर्मवीर भाटी आदि मौजूद रहे।

**■ विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन**



# ऑटो चालक ने किशोरी से किया बलात्कार

## प्रेमी से मिलने जा रही थी गाजीपुर

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** किसान की बेटी स्नेपचैट प्लेटफार्म पर हुई दोस्ती के बाद प्रेमी से मिलने घर से निकल गयी। रास्ते में ऑटो चालक ने उसे मद्द का भरोसा देकर दो अपने अपने पास रखकर दो दिन तक दुष्कर्म किया। पुलिस गाजीपुर निवासी प्रेमी के साथ युवती को गिरफ्तार कर लिया। सच्चाई सामने आने पर ऑटा चालक समेत दो के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले किसान की नाबालिग बेटी की मुलाकात स्नेपचौट प्लेटफार्म पर गाजीपुर निवासी शादिशुदा ट्रक चालक राज यादव से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। 12 मई को किशोरी प्रेमी से मिलने के लिए घर से निकल गई। स्वजन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। अमरोहा से वह गाजियाबाद पहुंची। जहां बस अड्डे से रेलवे स्टेशन जाने के लिए उसने आटो लिया था। आरोप है कि आटो चालक मलखान यादव निवासी गांव तारापुर नसीर थाना सोरो जनपद कासगंज ने उससे बात की तथा परेशान देख कर मदद का झांसा दिया। वह किशोरी को अपने साथ ले गया। इस दौरान मलखान का दोस्त भी उसके साथ आ गया। आरोप है कि दो दिन तक अपने साथ रख कर दोनों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसे गाजीपुर के लिए ट्रेन में बैठा दिया। उधर पुलिस मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर गाजीपुर पहुंची तथा प्रेमी राज यादव तथा किशोरी को बरामद कर साथ ले आई। पूछताछ के बाद किशोरी के बयान के आधार पर प्रेमी को छोड़ दिया। बाद में मलखान यादव व उसके साथी के विरुद्ध दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कर ली। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि गुरुवार को आरोपित आटो चालक मलखान यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके साथी को भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# चार पौराणिक स्थलों के विकास पर चर्चा

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गुरुवार को नगर पालिका की 12वीं बोर्ड बैठक पालिकाअध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर के समग्र विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। पालिका की अप्रैलख्मई 2025 की आयख्व्यय रिपोर्ट की पुष्टि बैठक में की गई।

पौराणिक स्थल श्आनंद धाम मंदिरश् के विकास के लिए बैठक में वंदन योजना के अंतर्गत पौराणिक स्थलों के विकास पर चर्चा हुई मौहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम मंदिर के विकास का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह कार्य नगर की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। बोर्ड ने ओपन जिम, व्यायामशाला, शेल्टर होम, पार्क और प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण हेतु स्थानों की पहचान कर कार्य प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी पारित किया। इससे नगरवासियों को आधुनिक नागरिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। सभा में दुलीचंद गिहार, शाने आलम, राजीव कुमार, जगत सिंह सहित अन्य सभासदों द्वारा नगरहित में कई प्रस्ताव रखे। सभासदों ने कहा गृहकर असेसमेंट शुल्क सौ रुपये वार्षिक किया जाए, नालों/नालियों से अतिक्रमण हटाया जाए, प्रमुख चौराहों, मस्जिदों, मंदिरों के बाहर हाई मास्क लाइट लगाई जाएं, सड़कों पर लगे होर्डिंग्स पर विज्ञापन शुल्क लागू किया जाए, सड़कों के किनारे ठेले लगाने वालों के लिए निर्धारित दूरी पर स्थान चिह्नित किए जाए। बैठक में अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल समेत समस्त सभासद मौजूद रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों से नगर के समुचित विकास की संभावनाएं प्रबल हुई हैं

# प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ चलाया अभियान

## 22 किलो पॉलीथीन बरामद, सात हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गुरुवार को नगरपालिका मंडी धनौरा द्वारा नगर क्षेत्र में प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर सख्ती दिखाई गई। शेरपुर चुंगी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर दुकानदारों से 22 किलो प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त कर सात हजार का जुर्माना वसूला गया।

अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने दुकानदारों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग न केवल वातावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि यह जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे वैकल्पिक और पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का प्रयोग करें। इसके अलावा नगर क्षेत्र में फुटपाथ पर अवैध रूप से लगे ठेलों को भी पीछे हटवाया गया ताकि पैदल चलने वालों को सुगमता हो। इस दौरान विशाल शर्मा, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार, अमर सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मजदूरों के शव पहुचंते ही परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** हमीरपुर जनपद के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिनमें से हादसे में मारे गये दो युवकों के शव देर रात गांव पहुंच तो माहौल गमगीन हो गया। दोनों युवकों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाली हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगा चोली और पिपलौती कलां से मंगलवार को मजदूरों को लेकर एक वैन कानपुर जा रही थी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से खन्ना के पास उतरने के बाद वह नेशनल हाईवे होते हुए आगे बढ़ रहे थे। नेशनल हाईवे 34 पर मंडी गेट के सामने खड़े ट्रक में मजदूरों से भरी वेन टकरा गई थी। जिसमें आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जबकि तीन मजदूरों को की दर्दनाक मौत हो गई थी। इन मजदूरों की पहचान हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी 25 वर्षीय कौशल, 19 वर्षीय आकाश तथा पिपलौती कलां निवासी तालिब के रूप में हुई। देर रात तालिब तथा आकाश का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। जहां गुरुवार की सुबह परिजनों द्वारा तालिब के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। जबकि आकाश का परिजनों द्वारा गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक तालिब पांच बहन भाई में दूसरे नंबर का था। युवक की मौत से मां मुनीजा समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि आकाश पांच बहन भाइयों में सबसे बड़ा था। बड़ा होने के चलते परिवार के पालन पोषण का उस पर दायित्व था। जिसके लिए वह वैन में सवार होकर मजदूरी करने जा रहा था। आकाश की मौत से मां रामकेशी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### अधेड़ का शव मिलने से सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** प्रथमा बैंक के पास 50 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान वर्षीय विनोद जाटव पुत्र हरि सिंह निवासी आगापुर उर्फ याकूबपुर कोतवाली हसनपुर के रूप में हुई। पुलिस शव को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ गई। सूचना पर परिजन भी रोते-बिलखते सीएचसी पहुंच गये। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक शराब पीने का आदी था। जिसके चलते उसकी पत्नी करीब 5 साल पूर्व अपने बेटे को लेकर उसे छोड़कर चली गई थी। तभी से वह शराब के नशे में धुत होकर इधर-उधर घूमता रहता था। माना जा रहा है कि शराब के नशे एवं अत्यधिक गर्मी के चलते अधेड़ की मौत हुई है । मृतक छह भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। मां संतो देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का स्पष्ट पता चल पायेगा।

### धूमधाम से मनाया गुरु गोविंद का प्रकाश पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सिख समुदाय द्वारा सिखों के छठे गुरु, गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पूर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर नगर के गुरुद्वारा में सिख समाज द्वारा शबद कीर्तन वह गुरु वाणी का आयोजन किया गया। वही गुरु का अटूट लंगर भी वरपाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा के ग्रंथि ज्ञानी वीरेंद्र सिंह जी ने बताया कि गुरु हरगोविंद साहिब जी सिखों के छठे गुर थे। उन्हें बादशाह के रूप में भी जाना जाता था। उनका जन्म 1595 में हुआ था और वह 1606 में अपने पिता गुरु अर्जन देव जी की मृत्यु के बाद छठे गुरु बने। उन्होंने बताया कि यह दिन सिख समुदाय में बड़े ही उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है इस दिन गुरुद्वारों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम अखंड पाठ आदि होते हैं। इसी क्रम में नगर के गुरुद्वारे में आज सभी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर मुख्य रूप से महेंद्र चावला, सरदार चरणजीत सिंह, हरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, अजीत चावला, जोगिंदर चावला, रविंद्र सिंह, विक्रम महंत, दिवाकर महंत, हरकीरत, मनदीप सिंह, किरण खन्ना, मनजीत कौर, जसमीत कौर, सिमरन कौर, एकता कोर, सोनू, सविता चावला, सरदार टीटे सिंह आदि सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### किशोरी का अपहरण करते युवक पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग हिंदू किशोरी का अपहरण करने की कोशिश के मामले में नया मोड़ आया है। ग्रामीणों ने आरोपी निजामुद्दीन को पकड़ लिया। आरोपी गजरौला कोतवाली क्षेत्र के खादगुजर गांव का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह लड़की के साथ काफी समय से संपर्क में था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसका इरादा लड़की को भगाकर बेचने का था। आरोपी के अनुसार, एक मदरसे के मौलाना ने उसे ऐसा करने की सलाह दी थी। हालांकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक ने मारपीट कर डर से यह बातें कहीं।अमरोहा के अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ग्रामीणों द्वारा बनाए गए वीडियो में आरोपी के बयानों की जांच की जा रही है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# ख्यालीपुर गांव में बिजली संकट से ग्रामीण परेशान

**■ मोहम्मदाबाद बिजली घर पहुंचकर किया प्रदर्शन**



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के ख्यालीपुर गांव में बिजली संकट ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीण मोहम्मदाबाद बिजली घर पहुंचे और वहां प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग कोई सुनवाई नहीं कर रहा। प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर जबर सिंह, डॉ.जयपाल सिंह, सुभाष, रणवीर, संजय, तेजराम, राजेश, सुनील, अमित, मोहर सिंह, चंद्रकिरण आदि मौजूद रहे।

# बाल श्रम है अपराध, जनमानस को किया जागरूक

**■ जेबीएफ ने कराई चित्रकला प्रतियोगिता**



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जुबिलेंट भरतिया फाउण्डेशन गजरौला द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय सुल्तानठेर में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को बाल श्रम के बारे में बताना रहा। वक्ताओं ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयू में कहीं भी बाल श्रम एक कानूनी अपराध है। बच्चे पढ़ाई करें और खेलकूद में प्रतिभाग करें, बच्चों के लिये शासन प्रशासन की यही अपेक्षा है। इस मौके पर प्रोजेक्ट मॉनीटर चन्दन प्रसाद, कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# कनपुरा प्रीमियर लीग वालीवाल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** कनपुरा प्रीमियर लीग वालीवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत रूप से हुआ। इस टूर्नामेंट में आसपास की दर्जनों टीमों के हिस्सा लेने की संभावना है।

ब्लाक के गांव कनपुरा में प्रीमियर लीग वालीवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ सपा नेता तैयब अली ने फीता काटकर किया। इस टूर्नामेंट में आसपास के अलावा दूर दराज क्षेत्रों से भी वालीवाल टीमों के शिरकत करने की उम्मीद जतायी जा रही है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान तैयब अली ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। वह शरीर को स्वस्थ रखते हैं तथा अनुशासन व आत्मविश्वास की भावना को पैदा करते हैं। हार जीत खेल का हिस्सा हैं परन्तु असली विजेता वही होता है जो समर्पण व ईमानदारी से अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करे। उन्होंने कहा कि वालीवाल एक ऐसा खेल है जो टीम भावना और तत्परता की शिक्षा देता है।

# पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता, अमरोहा/गजरौला।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में जनपद अमरोहा में अवैध अतिक्रमण अभियान, यातायात व्यवस्था के सुगम व सुव्यवस्थित संचालन हेतु यातायात प्रभारी अमरोहा, नगर पालिका व थानों की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर गजरौला, जोया में पुल के नीचे, सड़क के दोनों और लगे अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया तथा रोड पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान किए गए। कार्रवाई के दौरान फुटपाथों पर लगी अस्थायी दुकानों, ठेलों और सड़क पर खड़े किए गए अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, सड़क पर खड़े वाहनों के विरुद्ध एमवी,एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई और भविष्य में अतिक्रमण करने पर पुनः कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्हें समझाया गया कि अतिक्रमण से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, जनमानस को यातायात बाधित एवं जाम की समस्या से जूझना पड़ता है, इसलिए सड़क पर अतिक्रमण न करें। जिससे सड़कों पर वाहनों की आवाजाही के लिये पर्याप्त रूप से स्थान मिल सके और सड़कें संकरा न हों।

# जमीन दिलाने के नाम पर 45 लाख हड़पे

## पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जमीन के नाम पर मुरादाबाद क्षेत्र के एक व्यक्ति से 45 लाख रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक मुरादाबाद के मझौला थाना क्षेत्र के गांव जयंतीपुर निवासी युनुस अली का आरोप है कि मोहरकापट्टी गांव निवासी अकरम नामक व्यक्ति ने ग्राम ईलस्त्सूलाबाद निवासी भूपेन्द्र सिंह की 40 बीघा भूमि का नौ लाख रूपये प्रति बीघा की दर से सौदा कराया। आरोप है कि 12 दिसम्बर 2024 को 25 लाख रूपये दे दिए। कुछ समय बाद अकरम युनुसू के घर पर गया और कहा कि उसकी आरसी कट गई है, इसलिए उसकी 20 लाख की मदद कर दो, जब एक दूसरे क्रेता परवेज निवासी गाजियाबाद से पैसे मिलेंगे तो वह लौटा देगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। अकरम ने युनुस से मतलब वास्ता रखना बंद कर दिया और फोन भी नहीं उठाए। जब युनुस ने उसके घर पहुंचकर अपने पैसों की मांग तो आरोप है कि अकरम पक्ष ने उसे धमकाया और रूपये न लौटाने की धमकी दी, और कहा कि ज्यादा शिकायत आदि की तो जान से मार देंगे। युनुस ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सभी तथ्यों के बारे में जांच कराई जाएगी।


**सर्व साधारण को सूचना**

परिषद की इब्राहीम नगर योजना संख्या-1, अमरोहा में स्थित अल्प आय वर्ग भवन संख्या 45 का प्रदेशन-पत्र पत्रांक 2317 दिनांक 04.09.1987, संशोधित प्रदेशन पत्र सं० 163 दिनांक 11.02.1988 द्वारा श्री चन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री बनवारी लाल गुप्ता के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 12.02.1988 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 20.02.1988 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। आवंटी द्वारा दिनांक 18.06.1993 को इस कार्यालय से पट्टा विलेख/विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 03.07.1993 को पंजीकृत करा लिया गया। श्रीमती ऊषा गुप्ता पत्नी स्व० श्री चन्द्र कुमार गुप्ता ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक 07.08.2024 के द्वारा अपने पति श्री चन्द्र कुमार गुप्ता की मृत्यु दिनांक 26.02.2013 एवं अपने पुत्र श्री आशीष गुप्ता की मृत्यु दिनांक 19.05.2021 को होना सूचित करते हुए अल्प आय वर्ग भवन संख्या 45 को अपने पक्ष में वारिसान के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय (अमरोहा), उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2. मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्ध**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद गजरौला जिला अमरोहा**

पत्रांक:-411/न.पा.प.ग.-2025 दिनांक: 12.6.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारणको सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गजरौला में मौ0अम्बेडकरनगर में पार्क की भूमि पर टीन व लोहे की बिक्री/नीलामी दिनांक 20-6-25 को अपरान्ह 02:00 बजे की जानी है। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 20.6.2025 को नगर पालिका परिषद गजरौला कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित धनराशि रू0 25000/-की नगद धनराशि जमा करने के उपरान्त बोली लगाने में प्रतिभाग कर सकता है। नीलामी स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गजरौला में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी** — नगर पालिका परिषद गजरौला, (अमरोहा)

**अध्यक्षा** — नगर पालिका परिषद गजरौला, (अमरोहा)

# किसानों के लिए क्षेत्र में जो भी किया जाएगा अच्छा ही किया जाएगा: उपराज्यपाल

**बागपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का आयोजन 29 मई 2025 कौन नीरपूड़ा से किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि से प्रारंभ किया गया। यह विकसित कृषि संकल्प अभियान जनपद में 12 जून 2025 तक चलाया गया। इसके समापन के अवसर पर आज मुख्य अतिथि दिल्ली के महामहिम उप राज्यपाल बीके सक्सेना रहे तथा विशिष्ट अतिथि सांसद राजकुमार सागवान रहे। उपराज्यपाल को कृषि विज्ञान केंद्र में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के गन्ना उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण



किया। कृषि वैज्ञानिकों से कृषि तकनीकी के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिसमें डा.विकास कुमार ने बताया कि गन्ने के साथ हम सरसों की गुलाब की अन्य सफसली भी एक साथ कर सकते हैं जिससे किसान की आय दुगनी होगी किसान की गन्ने की फसल में कीड़ा ना लगे उसके संबंध में भी जानकारी से अवगत कराया। उपराज्यपाल ने एफपीओ द्वारा तैयार किया गया। इस अवसर पर जिला. धिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव, केवीके अध्यक्ष लक्ष्मीकांत, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद आदि रहे।

## डौला-खट्टा नहर पटरी पर पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस एवं स्वाट बागपत की संयुक्त टीम ने 25 हजारी इनामी बदमाश आमिर को मुठभेड़ में डौला-खट्टा नहर पटरी से गिरफ्तार किया।

मीडिया सैल बागपत द्वारा बुधवार की रात करीब नौ बजकर 21 मिनट पर प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना सिंघावली अहीर पुलिस एवं स्वाट बागपत की संयुक्त टीम ने 25 हजारी इनामी बदमाश आमिर को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 25 हजारी इनामी बदमाश आमिर पुत्र दाउद निवासी गौसपुर को घायलावस्था में डौला-खट्टा नहर पटरी से गिरफ्तार कर उसका उपचार कराया गया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस व एक बाइक बिना



नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। मुठभेड़ करने वालों में थाना सिंघावली अहीर प्रभारी सोहनवीर सिंह सोलंकी. स्वाट बागपत प्रभारी सूर्यदीप सिंह मय टीम, उप निरीक्षक प्रियवृत आर्य, सोनू कुमार, आरिफ अली व दिग्विजय सिंह, कांस्टेबल रविंद्र भाटी व कौशल शर्मा मौजूद रहे। आपको बता दें कि कस्बा अमीनगर सराय के माता कालोनी निवासी राजू ने गत 27 अप्रैल 2025 को थाना सिंघावली अहीर पर तहरीर देते हुए बताया था कि अज्ञात चोरों द्वारा स्ट्रीट लाइन का तार व 12 एल ई डी चोरी कर लिए गए है। उन्होंने तहरीर देकर चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज कराया था।

## पागल कुत्ते ने बच्चों समेत 15 पर हमला किया, एक बच्चे को किया रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित गुर्जर कॉलोनी में पागल कुत्ते ने गली में खेल रहे बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से घायल एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर, कुत्ते ने दो घंटे में बच्चों समेत 15 पर हमला कर घायल कर दिया। कुत्ते की दहशत में लोगों ने अपने बच्चों को बाहर खेलने से रोक दिया और कुत्ते को पकड़वाने की मांग की। शहर की गुर्जर कॉलोनी में रहने वाले यासीन ने बताया कि उसका भतीजा जिशान 8 वर्षीय बुधवार दोपहर घर के पास दूसरे बच्चों के साथ खाली प्लॉट में खेल रहा था। तभी एक पागल कुत्ता वहां आ गया और उसके भतीजे पर हमला कर दिया। कुत्ते ने जिशान की नाक और सिर में काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और काफी देर तक नोचता रहा। साथ खेल रहे बच्चों ने घर जाकर कुत्ते के हमले के बारे में बताया तो परिवार वालों ने वहां जाकर कुत्ते को भगाकर जिशान को बचाया। तभी कुत्ते ने उसके भाई आसिफ पर हमला कर कमर में काटकर घायल कर दिया। उन्होंने कुत्ते को वहां से भगाया तो गली से गुजर रहे एक व्यक्ति का पैर पकड़ने का प्रयास किया, किसी तरह उसने एक मकान में घुसकर खुद को बचाया। इसके बाद कुत्ते ने मोहल्ले की बच्ची सोनिका, इनाया, अख्तर, जाहिद, इमरान समेत 15 लोगों को काटकर घायल कर दिया, जिनका सीएचसी, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में उपचार कराया गया। कॉलोनी के लोगों के भगाने पर कुत्ता जंगल की तरफ



भाग गया। लोगों ने बताया कि पागल कुत्ता कई दिन से कॉलोनी में घूम रहा था। कुत्ते के हमले से जिशान के चेहरे पर कई जख्म हो गए हैं। इसमें जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार और एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया। चिकित्सकों का मानना है कि बच्चे के चेहरे पर कई जख्म होने के कारण उसकी सर्जरी भी करानी पड़ेगी। जिला अस्पताल के डा. विजयप्रकाश का कहना है कि कुत्ते के हमले से घायल किशोर का उपचार करने के बाद रेफर कर दिया गया। उसके सिर और चेहरे पर कुत्ते के दांत लगे हुए थे। गर्मी के मौसम में अभिभावक गली मोहल्लों में रहने वाले कुत्तों से बच्चों को दूर रखें। बागपत ईओ केके भड़ाना का कहना है कि पागल कुत्ते के हमले से बच्चों के घायल होने का मामला जानकारी में नहीं है। गुर्जर कॉलोनी में टीम को भेजकर दिखवाया जाएगा और बच्चों पर हमला करने वाले कुत्ते को पकड़वाया जाएगा।

## मालगाड़ी की चपेट से दस्तावेज लेखक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा टटीरी रेलवे फाटक के निकट दिल्ली से सहारनपुर को जाने वाली मालागाड़ी की चपेट में आने दस्तावेज लेखक की मौत हो गई।

गुरुवार को कस्बा टटीरी निवासी जयपाल सिंह बागपत में दस्तावेज लेखक है। सुबह करीब छह बजे टटीरी रेलवे फाटक के निकट दिल्ली से सहारनपुर को जाने वाली मालागाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। नगरवासियों की सूचना पर आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और घायलावस्था में दस्तावेज लेखक जयपाल सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेरु कर दिया। स्वजन ने घायलावस्था में उसे बड़ौत के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## भाजपा ने आयोजित प्रोफेशनल मीट में मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियों को मंत्री ने गिनवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चमरावल रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में नरेंद्र मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की 11 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए कहा कि पिछले 11 सालों में सड़कें गड्ढेमुक्त हुई हैं। अब माताएं-बहनें चूल्हे की जगह गैस पर खाना बना रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने भ्रष्टाचार से सुशासन तक की यात्रा तय की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में बीते 11 वर्षों में भारत ने न केवल वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। बल्कि देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। गरीबों के लिए शौचालय से लेकर आयुष्मान भारत तक, हर योजना ने भारत को सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र में बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सब प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का ही परिणाम है। मोदी सरकार ने नारी गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूती दी है। उत्तर प्रदेश में नरेंद्र मोदी व योगी सरकार ने एतिहा. सिक जनकल्याणकारी योजनाओं से उतर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में देश का विकास हुआ है। लोगों को पांच किलो अनाज हर माह मुफ्त देने का काम केंद्र सरकार ने किया है। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सड़क योजना, हवाई पट्टी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर विकास किया गया है। कार्यक्रम में शामिल मेरठ महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश सिंघल ने कहा कि सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा। राम मंदिर का निर्माण भी पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि 11 वर्षों में सरकार पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इस दौरान कार्यालय पर केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी दिखाई गई।

## जन्मदिन पर पौधा भेंटकर प्रतिवर्ष पौधारोपण करने का दिलाया संकल्प

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव पिचौकरा में निक उर्फ नेवांश के जन्मदिन पर आँखें के पर्यावरण संरक्षक सुनील कुमार ने पौधा भेट कर, प्रतिवर्ष जन्मदिन की वर्षगाँठ पर पौधा रोपण का संकल्प दिलाया। उपस्थित आँखें के पर्यावरण संरक्षक विकास बड़गुर्जर ने कहा पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी सम्भव नहीं है। वृक्षों अंधाधुंध कटान से भविष्य पर संकट के बादल मडरा रहे है।



## पानी व बिजली की समस्या से जूझ रहे कॉलोनीवासी, धरने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान में बिजली और पानी की दिक्कत को लेकर कॉलोनी के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बूंद-बूंद को तरसना पड़ रहा है। समय पर बिजली नहीं आ रही है। चार-पांच घंटे की सप्लाई कट की जा रही है। बिजली विभाग की तरफ से भी बिजली की कटौती से भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस भरी गर्मी में छोटे-छोटे मासूम बच्चे और बड़े बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की दिक्कत को लेकर हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके लिए नगर पालिका को भी अवगत कराया गया। शिकायत के बावजूद



समस्या का समाधान नहीं हो पाया। 22 नंबर वार्ड के लोग पानी की दिक्कत से बहुत ही ज्यादा परेशान है। जब भी नगर पालिका परिषद के ईओ को शिकायत से अवगत कराया जाता है तो केवल आश्वासन दिया जाता है और उसके बाद कोई सुनवाई नहीं होती। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका के खिलाफ तहसील में धरना दिया जाएगा। इस मौके पर सुल्तान नरगिस शाहिद नफीस गुलजार अख्तर रेशमा खान सुमित कुमार रमेश आदि मौजूद रहे।

## भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के गढ़ी बेग. माबाद गांव में भारतीय स्टेट बैंक बरनावा शाखा द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत परिसर में किया गया, जिसमें किसानों को बैंकिंग की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा बैंक अच्छे ग्राहक व प्रगतिशील 10 किसानों को बैंक की तरफ शॉल ऑडाकर सम्मानित करते हुए एक-एक फावड़ा भी दिया गया।

इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में आसपास के गांव के किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ब्रजवीर सिंह ने की तथा संचालन शाखा प्रबंधक श्रीपाल सैनी ने किया। इस अवसर पर बैंकिंग की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए फील्ड ऑफिसर दीपा पोरे



ने बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के एसआर आदि लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। सीनियर मैनेजर वीरेंद्र कुमार ने पोली हाउस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 50प्रतिशत की सब्सिडी पर किसानों को पोली हाउस लगाने के लिए एसबीआई बैंक द्वारा ऋण दिया जा रहा है, जिसका लाभ उठाकर किसान अपनी परंपरागत खेती को छोड़कर एक उद्यमी बनकर भी काम कर सकते हैं। इस अवसर पर डिप्टी मैनेजर आरती कनौजिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अनेकों लाभकारी योजनाएं किसानों के लिए चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर सन्नी मेनपाल ग्राम प्रधान ब्रजवीर सिंह मुकेश कृष्णपाल विनोद रामकिशन राममेहर आदि मौजूद रहे।

## शिविर में बेटियों को सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार एवं जूडो कराटे का सिखाया अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वाधान में चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में चल रहे आवासीय संस्कार शोधक शिविर के दूसरे दिन सविता आर्या ने बेटियों को यज्ञ करना सिखाया।

शिक्षिका सीमा आर्या ने प्रात: काल पीटी, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार एवं जूडो कराटे का बेटियों को अभ्यास कराते हुए कहा जब तक बेटियां सशक्त नहीं होंगी, तब तक देश का भविष्य अंधकार में रहेगा। उनके अंदर शारीरिक शक्ति होना आवश्यक है। जो केवल शारी. रिक व्यायाम के द्वारा ही संभव है। आलस्य को त्यागें और अपने अंदर गुणों की वृद्धि करें। जीवन को विनम्र बनाएं बेटियां। रात्रि में टेलिस्कोप के द्वारा चांद को देखकर आर्य वीरांगनाएं रोमांचित हुई। जिला सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। शारीरिक एवं आत्मिक रूप से नारी का सशक्त होना आवश्यक है। नारी केवल जननी ही नहीं होती, वरन वह निर्माता भी होती है। माता द्वारा बचपन में दिए गए संस्कार ही बच्चे के भावी जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है, माता जीजाबाई ने बचपन में शिवाजी को अच्छे संस्कार देकर राष्ट्रभक्त तैयार किया। इस अवसर पर उदय मुनि ,धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, शिक्षिका किरण आर्या, राष्ट्र भरत मुनि, हरेंद्र आर्य, धर्मेंद्रआर्य, दीपकआर्य आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान को होने वाले लाभ के संबंध में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत जनपद स्तरीय कृषक गोष्टी का आयोजन किया गया जिसमें किसान बंधुओ से जुड़े विभागीय अधिकारियों ने हरि कैसल में अपने-अपने विभागों के स्टाल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों से किसान को होने वाले लाभ के संबंध में स्टालों के माध्यम से जानकारी दी गई जिसका उपराज्यपाल बीके सक्सेना व माननीय सांसद डा.राजकुमार सागवान ने स्टालों का अवलोकन किया और संबंधित से जानकारी प्राप्त की तथा प्रगतिशील किसान को कृषि यंत्र ट्रेक्टर की चाबी देकर सम्मानित किया और उसके ट्रैक्टर पर बैठकर किसान का मान बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) के संस्थानों, के.वी.के., कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक गण तथा कृषि, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, रेशम, सिंचाई विभाग एवं लीड बैंक मैनेजर/वित्तीय संस्थानों के द्वारा कृषको को तकनीकी जानकारी दी और अपनी योजनाओं पर प्रकाश डाला व विभागीय योजनाओं की नवीनतम जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई। कृषक गोष्ठी योजना से सम्बन्धित पम्पलेट्स आदि का वितरण स्टॉल के माध्यम से किया गाय।

### सरकार किसानों के प्रति गंभीर: उपराज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली उपराज्यपाल बीके सक्सेना ने कहा कि बागपत के किसानों के बीच में आकर आज ऐसा लग रहा है जैसे अपने घर में आ गए हैं यहां के किसानों ने जो अपनी समस्या रखी है। वह इतनी सुंदर मिठास के साथ रखी हैं जितने सुनकर मन प्रलोहित हो गया। उन्होंने बागपत के किसानों को प्रेरित किया कि प्राकृतिक खेती व पारंपरिक भोजन के साथ जुड़े प्राकृतिक खेती से किसानों की आय दुगनी होगी बागपत एक गन्ना बेल्ट जनपद है। यहां पर गन्ने के साथ साथ अन्य सफ़सली भी करें। उन्होंने मधुमक्खी पालन अमरूद की खेती सहजन के पेड़ चंदन के पौधे आदि के संबंध में गोष्ठी में किसान भाइयों को प्रेरित किया उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार पर केंद्र सरकार किसानों के प्रति गंभीर है। किसानों के लिए तरह-तरह के योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे कि किसान भाई लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि किसान फर्टिलाइजर का काम से कम उपयोग करें। महिलाओं को सल्लंबन बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। उन्होंने जनपद बागपत के एक जनपद एक उत्पाद के घरेलू साज सजा सामानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 180000 बास के पेड़ भी लगवाए जाने का कार्य किया है जहां बस का पेड़ होता वाहन प्रदूषण कम होता है।

### उपराज्यपाल ने सहजन के पौधे पर डाला प्रकाश, पौधों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उपराज्यपाल ने सहजन के पौधे पर प्रकाश डाला और उससे होने वाले लाभों के बारे में किस बांधों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एक किसान अगर चंदन का पेड़ लगाएगा तो 12 साल में वह चंदन का पेड़ तैयार हो जाता है जिसकी कीमत 15 लख रुपए होती है। उन्होंने कुमार सशक्तिकरण योजना पर प्रकाश डाला। उनकी आमदनी बढ़ेगी उन्होंने कहा मिट्टी के बर्तनों में पानी पीना चाय पीना खाना खाना एक हमारी प्रकृति के साथ जुड़ाव होता है जब हम मिट्टी के बर्तन को इस्तेमाल करते हैं तो वह मिट्टी हमारे वतन की मिट्टी होती है और उसे हमें चुमन का अवसर प्राप्त होता है। सांसद डा.राजकुमार सागवान ने कहा दिल्ली उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में कृषि उत्थान कार्य कर सकता हूं यह ऐसे उपराज्यपाल है जो किसानों से जुड़े रहते हैं। इनके विचार किसानों को आगे बढ़ाने के हैं उन्होंने केंद्र सरकार में माव प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसानों के मसीहा को भारत रत्न देकर जो सम्मानित किया गया है। यह देश का गौरव बागपत का गौरव बड़ा है यह बागपत चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि है। उन्होंने कहा मेरा प्रयास बागपत के लिए गन्ने का रिसर्च सेंटर लाना है और जो की खेती के लिए भी रिसर्च सेंटर बागपत में लाना मेरी मुख्य भूमिका रहेंगे क्योंकि बागपत में गन्ने सबसे ज्यादा अधिक होता है तो यहां गन्ने का रिसर्च सेंटर अवश्य होना चाहिए। दिल्ली उपराज्यपाल ने प्रकृति शील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विद्युत विभाग से रोजाना परेशान हो रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कम वोल्टेज कर रहे हैं लोगों को परेशान शहर हो या देहात क्षेत्र के लोग विद्युत विभाग से रोजाना परेशान नजर आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण बढ़ती गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर गरम हो रहे है। इसके बाद कुछ देर विद्युत सप्लाई को रोकना पड़ता है। यह कहना है विद्युत विभाग के अधिकारियों का विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में बताया कि अगर वह सप्लाई बंद नहीं करेंगे तो ट्रांसफॉमर्स सप्लाई देना बंद कर देगा क्योंकि अधिक गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर ज्यादा हिट हो जाते हैं। विद्युत विभाग लगातार ट्रांसफार्मरों की रेख देख कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारी ट्रांसफार्मरों पर शहरी क्षेत्र के अंदर सड़कों पर ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए कुलर लगाने का काम कर रहे हैं शहर में रखे ट्रांसफार्मरों की निगरानी रखी जा रही है।

### श्रावण मास की कांवड़ यात्रा व मेले की तैयारियों के संबंध में डीएम व एसपी ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष श्रावण मास में शिवरात्रि का विशाल मेला लगाया जाता है जिसमे लाखों श्रद्धालु कावड़ लेकर ,जल लेकर परशु रामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं जिसका 21जुलाई से 24 जुलाई 2025 प को आ रहा है जिस के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारीयो व मेला समिति के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# छिजारसी टोल प्लाजा पर लगा 7 लाख का जुर्माना

## विवादों में घिरे टोल प्लाजा पर NHAI की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ नेशनल हाईवे-9 पर स्थित छिजारसी टोल प्लाजा अपने कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से दुर्व्यवहार, मारपीट और जबरन वसूली जैसी घटनाओं के कारण लगातार विवादों में घिरा हुआ है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण NHAI ने टोल संचालक कंपनी पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

छिजारसी टोल प्लाजा पिछले दो वर्षों से विवादों का केंद्र बना हुआ है। यहाँ फास्टैग तकनीकी खराबी के नाम पर यात्रियों के साथ बदसलूकी और जबरन वसूली की कई घटनाएँ सामने आई हैं। गत 30 मई 2025 गाजियाबाद से लौटते समय प्रदीप कुमार का फास्टैग काम नहीं कर रहा था। टोलकर्मियों ने नकद भुगतान न होने पर उनसे 25,000 रुपये की सोने की अंगूठी जबरन वसूली की। सीसीटीवी फुटेज में



टोलकर्मियों द्वारा अंगूठी उतारते हुए देखा गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अंगूठी वापस की गई। गत 1 जून 2025 हापुड़ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के सहायक असीम चौधरी के साथ भी ऐसी ही घटना हुई। उनका फास्टैग स्कैन न होने पर टोलकर्मियों ने उन्हें धक्का दिया और शारीरिक प्रताड़ना दी और उनकी सोने की अंगूठी छीन ली। पुलिस के पहुंचने पर अंगूठी वापस मिली। अप्रैल 2025 एक महिला ने फास्टैग खराबी के कारण टोलकर्मी को 7 थप्पड़ मारे थे। जून 2024 एक नशे में धुत बुलडोजर चालक ने टोल टैक्स का विरोध करते हुए टोल बूथ नंबर 15 और 16 को तोड़ दिया था। अगस्त 2023 एक कार चालक ने टोलकर्मी को जानबूझकर कुचलने का प्रयास किया था। ये घटनाएँ दर्शाती हैं कि छिजारसी टोल प्लाजा पर कर्मचारियों और यात्रियों के बीच तनाव लगातार बना रहता है। 2023 से अब तक यहाँ 20 से अधिक हिंसक घटनाएँ दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश का कारण फास्टैग या भुगतान संबंधी विवाद रहा है। NHAI ने टोल प्लाजा पर कर्मचारियों के लगातार दुर्व्यवहार, यात्रियों को होने वाली असुविधा, ट्रैफिक जाम, हिंसा, और प्राधिकरण को बिना सूचना दिए लेन बंद करने जैसी समस्याओं पर संज्ञान लिया है। टोल प्लाजा पर खराब यातायात प्रबंधन के कारण लंबी कतारें लगने और प्रतीक्षा अवधि बढ़ने की शिकायतें भी मिली हैं। इन सभी शिकायतों के मद्देनजर, NHAI ने टोल संचालक कंपनी पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने टोल प्लाजा के लिए यह भी निर्देश जारी किया है कि भुगतान विवाद में किसी भी प्रकार की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सपा नेता का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ से सपा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रेमी के हापुड़ पहुंचने पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। गुरुवार को मेरठ से सपा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रेमी नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर स्थित मोहल्ला सुभाष नगर में समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश महासचिव मनोज भैया के आवास पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों ने उन्हें समाजवादी पार्टी द्वारा मेरठ कैंट विधानसभा से विधानसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर उनका फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश महासचिव मनोज भैया ने कहा कि मेरठ कैंट एक सामान्य सीट है। समाजवादी पार्टी ने पहली बार अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को सामान्य सीट पर जाटव समाज को टिकट देकर समाज का



सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए हम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का आभार व्यक्त करते हैं। इस दौरान लखन, टीटू, बंटी, सुमित, देवेंद्र, कुणाल आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलटा चावल से भरा ट्रक, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 शिवा ढाबा के पास गुरुवार की देर रात चावल के कट्टो से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर अचानक हाइवे पर पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों से अस्पताल में भर्ती करवाया और जाँच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 शिवा ढाबा के पास देर रात चावलो के कट्टो से भरा ट्रक अनियंत्रित



होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक दिनेश कुमार और परिचालक आशीष घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने घायलों को नजदीक की अस्पताल में भर्ती करवाया और हाईवे पर पलटे ट्रक को जेसीबी मशीन की मदद से साइड करवाकर यातायात को सुचारु करवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि संभवता हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना है। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दहेज हत्या में फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में फरार दो आरोपी इरफान पुत्र इस्लाम और फरमान पुत्र इस्लाम निवासी मोहल्ला मीरा की रेती को मस्तराम कुटी के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### एक नजर

## जलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी, नोडल अधिकारी डा. अभय सिंह (जिला होम्योपैथिक अधिकारी), डा. शैलेंद्र कुमार गुप्ता, आयुष विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी, योग प्रशिक्षक और निजी संस्थाओं के योग प्रशिक्षक भी मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 और योग सप्ताह 15 जून से 21 जून 2025 को बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति प्रेरित करना है। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों के माध्यम से लोगों को योग से जुड़ने और उसके लाभों को जानने का अवसर मिलेगा। हापुड़ प्रशासन का लक्ष्य है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और योग सप्ताह के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

## मदरसे में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी मौलाना गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने मदरसे में किशोरी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस क्षेत्र अधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर थाने पर नाबालिग बच्ची के परिजनों द्वारा थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री थाना क्षेत्र के एक मदरसे में पढ़ती थी। मदरसे में पढ़ने के दौरान एक मौलाना ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला। आरोप है कि आरोपी मौलाना ने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। आरोप है कि आरोपी मौलाना ने किशोरी की अश्लील वीडियो वायरल करने का दबाव बनाकर दुष्कर्म किया और आरोपी मौलाना ने किशोरी की अश्लील वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस क्षेत्र अधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि संबंधित मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने मदरसे में किशोरी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## AIMIM का ग्राम कुसलिया में कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष हाजी फहीम जड़ोंदिया के नेतृत्व में धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुसलिया में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन पार्टी संगठन को मज़बूत करने, जमीनी स्तर पर विस्तार करने और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।

कार्यक्रम में हापुड़ जिले की AIMIM टीम, धौलाना विधानसभा की पूरी टीम, तथा ग्राम कुसलिया के सभी सम्मानित, जिम्मेदार साथी और वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इस सम्मेलन के माध्यम से पार्टी की संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन हुआ और आम जनता के बीच AIMIM के प्रति विश्वास और समर्थन का स्पष्ट संकेत मिला। कार्यक्रम के दौरान ग्राम कुसलिया और धौलाना विधानसभा क्षेत्र से जुड़े शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, सुरक्षा और ग्रामीण विकास जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने इन समस्याओं के समाधान हेतु AIMIM की भूमिका और आगामी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। संगठन को मजबूती प्रदान करें और जनता की सेवा को प्राथमिकता बनाएं। ग्राम कुसलिया में आयोजित यह कार्यकर्ता सम्मेलन AIMIM की सांगठनिक सक्रियता और राजनीतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। हाजी फहीम जड़ोंदिया के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश और संकल्प देखने को मिला, जो निश्चित ही आने वाले समय में पार्टी को क्षेत्र में और मज़बूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर राजू कुरैशी, मोनू कांत वाल्मीकि, आकिब तोमर, कारी साजि

## जनता बिलखती रही गर्मी से, कर्मचारी बियर पीने में मस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक सीएनजी पेट्रोल पंप पर शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। पंप पर कार्यरत एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह खुलेआम जनता के बीच बियर पीता हुआ दिखाई दे रहा है।

घटना उस समय की है जब भीषण गर्मी में सीएनजी की लाइन में लगी गाड़ियों में छोटे-छोटे बच्चे तड़पते नजर आए। लोग धूप में खड़े होकर गैस भरवाने के इंतजार में परेशान होते रहे, लेकिन कर्मचारी ने किसी की नहीं सुनी। जब कुछ लोगों ने उसे आग्रह किया कि गैस भर दी जाए, तो वह बेहिचक बोला-पहले बीयर पीयूँगा, उसके



बाद सीएनजी डालूंगा! यह बयान और उसका लापरवाह रवैया सुनकर जनता में आक्रोश फैल गया। वहां मौजूद कई लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। घटनास्थल पर मौजूद वाहन चालकों ने बताया कि हम करीब एक घंटे से लाइन में लगे थे, लेकिन कर्मचारी ने साफ कह दिया कि वो नशा करने के बाद ही काम करेगा। छोटे बच्चे, महिलाएं सब गर्मी में परेशान हो रहे थे।

अब तक इस मामले में पंप प्रशासन या स्थानीय पुलिस की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के गैरजिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

## डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड सरकार का एक महत्वपूर्ण पोर्टल है, जिस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की निगरानी सीधे शासन स्तर से की जाती है।

जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि पोर्टल पर आने वाली सभी शिकायतों का समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए ताकि जनपद की रैंक में सुधार हो सके। उन्होंने उन सभी विभागों के अधिकारियों को तुरंत सुधार लाने के निर्देश दिए



जिनकी सीएम डैशबोर्ड में खराब रैंक है। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अवश्य पहुंचे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन योजनाओं का उचित प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यायालय ने दोषी को सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व अवैध असलहा रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2009 में आरोपी नाजिम उर्फ नईम द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करना व अवैध असलहा रखने के मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में गुरुवार को न्यायलय द्वारा आरोपी नाजिम उर्फ नईम पुत्र निजामुद्दीन उर्फ निजाम को जुर्म इकबाल पर जेल में बिताई अवधि 7 दिवस व 5 हज़ार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## तपती धूप में ट्रैफिक पुलिस दे रही अपनी जिम्मेदारी को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में जहाँ एक ओर चिलचिलाती धूप लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर रही है, वहीं दूसरी ओर हापुड़ की ट्रैफिक पुलिस बिना रुके, बिना थके शहर की सड़कों पर डटी हुई है।

तेज धूप, झुलसाती लू और पसीने से तर-बतर वर्दी के बावजूद ये जवान न केवल अपनी जिम्मेदारियाँ निभा रहे हैं, बल्कि शहर की रफ़्तार भी बनाए हुए हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक, रेलवे रोड, पिलखुआ चौराहा, रेलवे रोड चौराहा, तहसील चौराहा, मेरठ तिराहा, व गढ़मुक्तेश्वर मोड़ सहित शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर यातायात पुलिस के अधिकारी व सिपाही ट्रैफिक कंट्रोल में जुटे रहते हैं। घंटों धूप में खड़े होकर वे सैकड़ों वाहन चालकों को जाम से निजात दिलाते हैं और ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। एक ट्रैफिक सिपाही ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा, धूप तो हर साल पड़ती है, लेकिन शहर को थमने नहीं देना हमारी ड्यूटी है। यह बयान उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण और निष्ठा को दर्शाता है। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, अव्यवस्थित पार्किंग से बचें और आवश्यकता न होने पर अनावश्यक वाहन न चलाएँ। पुलिस का मानना है कि जनता का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस चुनौतीपूर्ण समय में, हापुड़ की ट्रैफिक पुलिस का यह निस्वार्थ सेवा भाव वाकई काबिले तारीफ है।





## जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, डायट से उप प्राचार्य ज्योति दीक्षित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक और विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने 19 पैरामीटर के गैप को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत निधि से सबसे पहले विद्यालयों में कार्य कराए जाएं और कोई भी निर्माण कार्य निम्न गुणवत्ता का नहीं होना चाहिए। इस दौरान



शिक्षकों की उपस्थिति के अतिरिक्त सभी पंजिकाओं में डिजिटल कार्य करने पर जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए रणनीति बनाने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गए कि सभी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर उच्च हो और जो शिक्षक बार-बार मॉनिटरिंग में शिक्षण कार्य में लापरवाही करते पाए जाएं उन पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान कम छात्र उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए गए।

सभी नए नामांकन को डिजिटल पंजिका में दर्ज करने और प्रोन्नत छात्रों को सत्यापित करने के लिए कहा गया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को निरीक्षण के लिए ऑफलाइन फॉर्मेट उपलब्ध कराने और एआरपी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन चयन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बालिका शिक्षा, मध्याह्न भोजन, यू डायस प्लस, पीएम विद्यालयों में सभी गतिविधियां उत्कृष्टता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के नए सत्र में नामांकन प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई।

## पंजाबी सभा ने मनाया बाल श्रम व अंतर्राष्ट्रीय गुलाब दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को पंजाबी महिला समिति और पंजाबी सभा समिति ने संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र के फ्री गंज रोड पर स्थित रेलवे पार्क में बाल श्रम जागरूकता और अंतर्राष्ट्रीय गुलाब दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने बाल श्रम की बुराइयों पर जोरदार तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, बाल श्रम कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। अगर कोई 14 साल से छोटे बच्चे से दुकान, फैक्ट्री या कहीं और काम करवाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो सकती है। संजय ने भारतीय दंड संहिता 1860, बंधुआ श्रम प्रणाली अधिनियम 1976, और बाल श्रम निषेध और



विनियमन अधिनियम 1986 का जिक्र करते हुए बताया कि बच्चों को काम पर लगाना समाज की सबसे बड़ी कुरीति है। बच्चों का हक है पढ़ाई करना, खेलना-कूदना न कि मजदूरी करना। पंजाबी महिला समिति की संयोजिका श्वेता मनचंदा ने कहा कि समाज की हर संस्था को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में हापुड़ निवासी तरुण चंडोक ने अपने पिता की याद में 101 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को चप्पलें बांटीं। इतना ही नहीं, पंजाबी सभा समिति की ओर से बच्चों को खाने का सामान, शिकंजी, और गुलाब के फूल देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर पंजाबी सभा समिति के सचिव सिंह चावला, कमलदीप अरोड़ा, लेखराज अनेजा, धर्मपाल बाटला, यशपाल तनेजा, शशि भूषण मुंजाल, प्रवीण सेठी, नीरज, और योगा टीचर कुमकुम आदि मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुत्र विक्रम पुत्र सुरेश निवासी ग्राम बासंतपुर परगना डासना तहसील धौलाना जिला हापुड़ जो असामाजिक तत्वों की संगत में बिगड़ गया है तथा आवारा प्रवृत्ति का है। इसलिए, मैं इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरा परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
रामवती पत्नी सुरेश निवासी गांव बासंतपुर जिला हापुड़ (उ.प्र.)

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मान कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार की उपस्थिति में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस दौरान प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कराया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 10-10 मेधावी छात्र-छात्राओं में से प्रत्येक को 21 हजार रुपये का चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करने वाले जनपद के 04 होनहार खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। हॉकी छात्रावास के खिलाड़ी अर्पित कुमार ने रजत पदक जीता, जिन्हें 25 हजार रुपए का चेक व स्मृति चिन्ह देकर




सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 03 अन्य खिलाड़ी कमर फैयाज खान, मानवेंद्र प्रताप सिंह और अंशु पांडे ने कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रौशन किया, जिन्हें 15-15 हजार रुपए का चेक व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इन सभी छात्र-छात्राओं ने जनपद के साथ-साथ अपने स्कूल और माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यही छात्र-छात्राएं जनपद का नाम रोशन करेंगे और प्रशासनिक एवं अन्य पदों पर पहुंचकर देश की सेवा करेंगे।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने भविष्य की तैयारी के लिए सभी बच्चे अपनी रुचि के अनुसार विषय का चयन करें और उस क्षेत्र में आगे बढ़कर लक्ष्य को प्राप्त करते हुए जनपद, प्रदेश व देश का नाम रौशन करें और अपने अभिभावकों और शिक्षकों को गौरवान्वित महसूस करायें।

पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कहा कि कठिन परिश्रम, निष्ठा, शिक्षा के प्रति लगाव और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राओं को एक सही दिशा मिलती है। सभी छात्र-छात्राओं को पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से प्रयास करने की आवश्यकता है जिससे उन्हें एक अच्छा भविष्य मिले और अपने सपने साकार होते हुए दिखें।

जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2025 में जनपद में 23891 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 21793 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार जनपद का परीक्षा फल प्रतिशत 91.22 रहा, जबकि प्रदेश का हाई स्कूल परीक्षा फल 90.51प्रतिशत रहा है।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 में 21866 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिनमें से 18221 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जो 83.33 प्रतिशत है, जबकि प्रदेश का कुल प्रतिशत 81.5 रहा है।

हाई स्कूल में जनपद का नाम रौशन करने वाले छात्र-छात्राओं में आरुषि, अंशिका, अल्फी, सचिन, अजय कुमार, अंशिका यादव, पूजा सैनी, शिवम कुमार, हिमांशु, अविनाश कुमार शर्मा और कोमल शामिल हैं। इसी प्रकार इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं में गुलफिशा, दिपाली पाल, कनिष्का कश्यप, आस्था गंगवार, इफरा नूर, शिवम सिंह, अनस अंसारी, आफिया सैफी, रहमीन और अनिकेत शर्मा शामिल हैं।

# ड्यूटी रोस्टर को लेकर फिजिशियन और सीएमएस आमने-सामने, तीखी तकरार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला अस्पताल में कर्मचारियों के बीच गुटवाजी चल रही है जिसको लेकर जिला अस्पताल में कर्मचारियों के बीच एक दूसरे के प्रति भारी नाराजी देखने को मिल रही है। जब बड़े पदों पर बैठे अफसरान ही आपस में नाराजगी जाहिर करेंगे तो अन्य कर्मियों का क्या होगा। रामपुर के जिला अस्पताल में यही सब कुछ चल रहा है। जिला अस्पताल के ड्यूटी रोस्टर को लेकर फिजिशियन और सी एमएस आमने सामने आ गए। दोनों मे काफी देर तक नोकझोक हुई। उधर सीएमएस ने समय से ओपीडी नहीं करने के मामले मे फिजिशियन से स्पष्टीकरण मांगा हैं। दोनों के बीच हुई कहा सुनी को लेकर अस्पताल में चर्चा बनी हुई हैं। ज्ञातव्य कि जिला अस्पताल मे डॉ. हसीब सिद्दीकी जो कि फिजिशियन के पद पर तेनात हैं। इमर्जेंसी ड्यूटी को लेकर उनकी सीएमएस डॉ. डी के वर्मा से बंद कमरे मे कहा सुनी हो गयी। इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक वार्ता होती रही। देखते ही देखते मामले ने तूल पकड़ लिया। दोनों मे जमकर तीखी तकरार होती रही। शोर शराबा की आवाज सुनकर सीएमएस के कमरे को बंद कर दिया गया। काफी देर तक नोकझोंक होने के बाद फिजिशियन सीएमएस के कमरे से बाहर आ गए।

## क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने पर डीएम और विधायक का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** अखिल भारतीय राहुल गांधी ब्रिगेड कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मकसूद अंसारी ने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने पर विधायक शफीक अहमद अंसारी और डीएम जोगिंदर सिंह की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। बुधवार को जिलाध्यक्ष मकसूद अंसारी ने कहा कि जनपद रामपुर की विधानसभा सीट स्वार टांडा क्षेत्र में विकास के लिए हमेशा से ही जन प्रतिनिधियों और आला अधिकारियों के सहयोग के लिए तरसता रहा है। मेरे द्वारा पिछले कई सालों से क्षेत्रीय विकास के लिए डीएम साहब को भी पत्र लिखकर अवगत करवाया जाता रहा। लेकिन क्षेत्र फिर भी विकास के लिए तरसता रहा। अब क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी और जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह जी के प्रयासों से क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज होती दिखाई दे रही है। वहीं अब जिलाध्यक्ष मकसूद अंसारी ने रामपुर से वाया स्वार होते हुए उत्तराखंड के काशीपुर और बाजपुर को रेलवे लाईन से जुड़वाए जाने की मांग की है।

# 11 साल होने पर सरकार की गिनाई उपलब्धियां

## प्रेस वार्ता में स्वतंत्र प्रभार मंत्री ने सरकार के विकास कार्यों को सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय रामपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उनके साथ जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी और अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कपिल देव अग्रवाल ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा, 11 वर्ष में देश की सोच, स्वाभिमान, आत्मबल बदला है। देश को 55 करोड़ जनधन खाते मिले। भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व छलांग लगाई। रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो हो गई है। देश में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था, चौथा बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बना है। कपिल देव अग्रवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा था कि डिजिटल ट्रांजेक्शन इस देश में कैसे हो सकता है, जबकि मोदी सरकार में भारत डिजिटल ट्रांजेक्शन में दुनिया में नंबर एक है। भारत की




सॉफ्ट स्टेट की छवि खत्म हो गई है। 15 जुलाई 2011 को राहुल गांधी ने कहा था कि आतंकवाद पर नियंत्रण पूर्णतः संभव ही नहीं है, लेकिन भारत ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर करके दिखाया है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा, 2014 में पदभार संभालने के बाद से भारत प्रथम ने सरकार की हर नीति और कार्रवाई का मार्गदर्शन किया है। 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है, 15 करोड़ से अधिक घरों में नल पहुंचा है, 12 करोड़ शौचालय व गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए हैं। 68 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण और छोटे उद्यमियों को 52.5 करोड़ ऋण दिए गए हैं।। बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। उज्ज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जन औषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधिश, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। सेवा के 11 वर्षों में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। मोदी सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, संकल्प अडिग हो और नीयत जनसेवा की हो तो सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नए कीर्तिमान बनते हैं। कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, जगपाल यादव, पंकज लोधी, संजय पाठक, भारत भूषण गुप्ता, प्रमोद आहूजा, कृष्ण अवतार लोधी, विकास दीक्षित, अजीत गौतम, कुंवर बहादुर, अवधेश शर्मा , पारुल अग्रवाल, आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विक्रम सिंह, धर्मवीर यादव, आशीष गुप्ता, पूजा शर्मा, भव्य उप्पल, विवेक रुहेला, उमेश गुप्ता, शिवम् सक्सेना, विशाल यादव, विशाल सैनी, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक नजर

## तमंचा और तीन कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफमी/रामपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान अनिक पुत्र जरीफ अहमद निवासी ग्राम भजनपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर उम्र करीब 23 वर्ष को 315 बोर के तमंचे और 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी दनियापुर चौराहे से ग्राम लहटौरा जाने वाली कच्ची सड़क पर हुई। पुलिस ने अनिक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी हमवीर सिंह जादौन ने बताया कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में मदद मिलेगी। पुलिस की सक्रियता और कड़ी कार्रवाई से अपराधियों में भय का माहौल बना हुआ है।पुलिस क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही है। लगातार पुलिस अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बनेगा।

## सैदनगर किंग्स ने जीता प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को क्षेत्र के गांव सैदनगर में खेली जा रहें प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मिर्जा स्टूडियो व सैदनगर किंग के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में सैदनगर किंग्स ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 132 रन का स्कोर किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मिर्जा स्टूडियो ने 133 रन का स्कोर कर 1 रन से मैच जीत लिया और सैदनगर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली इस दौरान मुख्य अतिथि वार्ड नं. 11 से संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य एहसान उर्फ राजू खां ने टीम के कप्तान फैसल और टीम के खिलाड़ियों को अपने हाथों से ट्रॉफी दी। इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य मुदस्सिर अली, अनस सुल्तान, मुदस्सिर तुर्की लईक पाशा, कादिर राणा, पूर्व सभासद आवेश खां,नासिर नाज, बोबी खान, प्रधान ताज खां, अकरम प्रधान, निसार नेता, तारिक अंसारी, जावेद मियां, इन्तेजार अंसारी, मुजफ्फर एडवोकेट, फिरोज पाशा, परवेज अंसारी, मोहम्मद जोरावर अल्वी, जुबैर खां, समीर पाशा, असलम पाशा, उमेर खां, यासिर खां, राजीव कुमार, यामीन सैफी आदि मौजूद रहे।

# संगठन सृजन अभियान से रामपुर में कांग्रेस संगठन हो रहा सशक्त: फूलकुंवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला एवं शहर कांग्रेस के आपसी समन्वय और संगठन सृजन अभियान की प्रगति यह संकेत दे रही है कि रामपुर जनपद में कांग्रेस एक बार फिर मजबूती से खड़ी हो रही है। यह विचार सम्भल से आए पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिला समन्वयक फूलकुंवर ने व्यक्त किए। वे जिला मीडिया कॉर्डिनेटर उमेश दुबे के ज्वालानगर स्थित निवास पर आयोजित संगठन सृजन अभियान की प्रगति समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक दोपहर 3 बजे आयोजित हुई, जिसमें जिले और नगर के वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने भाग लिया। फूलकुंवर ने कहा जिला एवं शहर अध्यक्षों द्वारा जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त करने की दिशा में किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। बदायूं से आए ओमकार सिंह शहर समन्वयक, ने कहा संगठन सृजन अभियान ने कार्यकर्ताओं में विश्वास और संवाद की भावना को मजबूत किया है। यह अभियान कांग्रेस को बूथ स्तर तक फिर से खड़ा करेगा। ठाकुरद्वारा से आए उत्तम सिंह, शहर समन्वयक ने कहा



यह अभियान केवल सांगठनिक विस्तार नहीं बल्कि जनभावनाओं से जुड़ाव का माध्यम भी बन रहा है। कार्यकर्ता अब उद्देश्य के साथ कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कांग्रेस जनपद में प्रत्येक वर्ग की आवाज बन रही है। संगठन सृजन अभियान से युवाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का एक मजबूत तालमेल बन रहा है। एआईसीसी सदस्य मुति उर रहमान बब्लू ने कहा कांग्रेस का मूल चरित्र संगठन और सेवा है। यह अभियान उस विरासत को आगे ले जाने की दिशा में एक ठोस कदम है। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां ने कहा नगर कांग्रेस पूरी एकजुटता और जोश के साथ कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य कांग्रेस को जनता के विश्वास का प्रतीक बनाना है। जिला महासचिव एवं अभियान प्रभारी उमेश दुबे ने कहा हमारा लक्ष्य प्रत्येक वार्ड, सेक्टर और बूथ तक संगठन की संरचना को प्रभावी बनाना है। सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष नुसरत अली खां उर्फ साहिर रजा खां, कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष चित. रंजन प्रसाद श्रीवास्तव, जिला कार्यालय प्रभारी शकील मंसूरी, शहर कार्यालय प्रभारी राजेश कुमार, शादाब खां आदि सक्रिय कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि कृषकों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए जनपद के विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मै. गंगवार कृषक सेवा केन्द्र मिलक, मै. आई.एफ.एफ.डी.सी. रोरा कलां, मै. हरि एग्रो एजेंसी, मिलक, मै. विपुल खाद भण्डार मिलक, मै. शीतल फर्टीलाइजर्स धामोरा, मै. राज सीड्स धमौरा एवं मै. श्री राम एग्री जंक्शन धमौरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बीज के 09 नमूना ग्रहीत किये गये। ग्रहीत नमूनों को परीक्षण हेतु



प्रयोगशाला भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि बीज खरीदते समय विक्रेता से पक्का बिल अवश्य लें

## सैफनी पुलिस ने पांच लोगो को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान

**( मुफीद अहमद )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन कराये जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में थाना सैफनी पुलिस ने अलग अलग मामलों में लड़ाई झगड़े में शान्ति भंग में अखलद पुत्र जमील उम्र करीब नि. मौ. सागरपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर, सुहेल पुत्र मौ. उमर नि.मौ. गाधी आश्रम कस्बा व थाना सैफनी जिला रामपुर अर्जुन सिंह पुत्र हरदयाल नि.ग्राम बडा गांव थाना सैफनी जिला रामपुर ,कपिल पुत्र अर्जुन सिंह नि.ग्राम बडा गांव थाना सैफनी जिला रामपुर, अमीर हुसैन उर्फ फहीम पुत्र भोलू उर्फ मुन्ने नि. ग्राम बिचपुरी चौराहा थाना सैफनी जिला रामपुर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहबाद जनपद रामपुर पेश किया गया।

## विमान हादसे के पीड़ित परिवारों के दुख की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल : मुस्तफा हुसैन'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा है कि हादसे की दुखद खबर सुनकर मैं बहुत दुखी हूं। एयर इंडिया विमान हादसे के बाद परिवारों के दुख की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मेरी संवेदनाएं उन सभी यात्रियों, उनके परिवारों और प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। इस बेहद कठिन समय में खुदा से दुआ है कि सभी को ताकत और हिम्मत दें।

## सैनी समाज व बजरंग दल का हंगामा, वायरल वीडियो से बढ़ी राजनीतिक गर्मी

# चिकित्सा अधीक्षक ने तीमारदार को कमरे में बंद कर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपनी मा के साथ एक्सरे कराने पहुंचे गांव इंदरपुर निवासी अंकित सैनी के साथ चिकित्सक ने मारपीट कर दी। आरोप हैं कि युवक को कमरे में बंद कर जमकर पीटा गया। घटना की जानकारी पर विश्व हिंदू परिषद बजरंज दल और सैनी समाज के कार्यकर्ता एकत्र होकर अस्पताल पहुंचे उन्होंने मारपीट करने वाले चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए हंगामा किया। आरोप हैं कि इस दौरान हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ भी चिकित्सक ने अभद्रता की। कार्यकर्ताओ और चिकित्सक के बीच पुलिस की मौजूदगी में जमकर नोकझोंक और धकामुक्की भी हुई मौके की नजाकत को देखते हुए सीएमओ, तहसीलदार, और थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए। यहां सीएमओ ने मारपीट करने वाले चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया चिकित्सक ने लोगो के बीच अपनी गलती को स्वीकार किया। सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक के स्थानांतरण का आदेश दिया। जिसपर कार्यकर्ता शांत हुए। संगठन के प्रांत गौ रक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत और जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा चिकित्सक द्वारा इस तरह का व्यवहार अमनवीय है इसको संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान हेमंत सारस्वत, अशोक सैनी, सुनील सैनी, विपिन शर्मा, कुशल चौधरी, सुरजीत सिंह, केशव, दुष्यंत, मनीष समेत तमाम हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता और सैनी समाज के लोग मौजूद रहे।

### मुलायम का नाम लेकर बोले आपत्तिजनक शब्द

**मंडी धनौरा।** चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल पराशर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें वो कहते हुए दिख रहे हैं कि मैंने तो मुलायम सिंह को भी काट दिया इसकी जानकारी लगते ही समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और चिकित्सा अधीक्षक द्वारा कहे गए शब्दों को लेकर नाराजगी जताई और कार्रवाई की मांग की।

### अस्पताल में हंगामा

**मंडी धनौरा।** मंडी धनौरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उस वक्त तनाव फैल गया जब एक युवक अपनी मां के एक्सरे के लिए अस्पताल पहुंचा। आरोप है कि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुनाल पराशर ने युवक से मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर पीटा।



मंडी धनौरा। हिन्दू संगठनों के धरने के दौरान वार्ता करते सीएमओ डा. सत्यपाल व तहसीलदार।

### संगठन हुए लाम्बंद, किया प्रदर्शन

**मंडी धनौरा।** घटना की जानकारी पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, और सैनी समाज के कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए अस्पताल में प्रदर्शन किया।

### पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचे

**मंडी धनौरा।** स्थिति बिगड़ती देख सीएमओ, तहसीलदार, और थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं और डॉक्टर के बीच धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई।

### चिकित्सक ने मानी गलती

**मंडी धनौरा।** सीएमओ की मध्यस्थता में डॉ. कुनाल पराशर ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद सीएमओ ने डॉक्टर के तत्काल स्थानांतरण का आदेश जारी किया, जिससे प्रदर्शनकारी शांत हुए।

### वायरल वीडियो से मचा बवाल

**मंडी धनौरा।** विवादित डॉक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे कहते सुनाई दे रहे हैं ख्र "मैंने तो मुलायम सिंह को भी काट दिया"। इस बयान पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी भड़क उठे और अस्पताल पहुंचकर विरोध जताया

# मनरेगा में धांधली की जांच कराई जाए

### ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक पर मनरेगा में धांधली का आरोप लगाते जांच की मांग को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया।

जोया ब्लाक के गांव श्यामपुर के रहने वाले ग्रामीण गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा उन्होंने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि ग्राम प्रधान कृपाल सिंह, रोजगार सेवक सदाकत अली मनरेगा में खुलेआम धांधली कर रहे हैं। उन्होने कई फर्जी खाते खुलवा रखे हैं। इसके अलावा जो लोग दिल्ली में अपना कारोबार करते हैं वह भी इस योजना



में शामिल कर लिये गये हैं। जबकि पात्र लोगों की अनदेखी की जा रही है। कई बार वह इसकी शिकायत अधिकारियों से कर चुके हें। परन्तु आज तक कहीं सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान के बेटे का नाम भी इस योजना में शामिल है। यही सत्यता के साथ इसकी जांच करायी जाये तो फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है। उन्होने कहा कि पूर्व में कई बार अधिकारी जांच को पहुंचे लेकिन हर बार सांठगांठ कर मामले को दबा दिया गया। जिस कारण आज तक मनरेगा धांधली की जांच अधर में लटकी है। ज्ञापन सौंपने वालों में मोमीन अली, मोहम्मद इश्हाक, शबनम जहां, कमरे आलम, मोहम्मद नाजिम, फरीद, मोहम्मद राजा, सैफ अली, फहीम उद्दीन आदि शामिल रहे।

# चोरी व धोखाधड़ी में दो को तीन-तीन साल की सजा

### कोर्ट न 15 हजार जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 18 साल पुराने धोखाधड़ी व चोरी के मामले में अदालत ने दो लोगों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र से संबंधित था। साल 2007 में शहर के मोहल्ला छेवड़ा के रहने वाले रिंकू तथा मोहल्ला बेगम सराय के रहने वाले प्रमोद के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी व चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज चालान किया था। अदालत में जारी सुनवाई के बीच फिलहाल दोनों इस मुकदमे में जमानत पर बाहर थे। बुधवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली की अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने रिंकू और प्रमोद को दोषी माना। तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 15 हजार रुपये जुर्माना लगाया

## एक नजर

### जिपं अध्यक्ष ने की अग्निकांड पीड़ितों की मद्द



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने हसनपुर क्षेत्र के गांव मलकपुर में हुए अग्निकांड के पीड़ितों को 25 हजार की नकद तथाा सामान देकर सहायता की। गुरूवार को सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर के पुत्र जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मलकपुर पहुंचे। बताते चले कि यहां 17 परिवार पूर्व में हुए अग्निकांड से बुरी तरह बर्बाद हो गये थे। उनका सब कुछ आग में जलकर राख हो गया था। आज प्रत्येक परिवार को ललित तंवर ने 60 किलो गेंहू, 30 किलो चावल, एक राशन किट तथा आर्थिक सहायता के रूप में 25 हजार रूपये की नकद मद्द मुहैया कराई। इस मौके पर एसडीएम देवा श्रीवास्तवा, बीडीओ मिठन्न खडगवंशी, नरेश सिंह, मनोज प्रधान, राजपाल सिंह, भूप सिंह, प्रेम सिंह, मूलचंद, विजयपाल, ओम प्रकाश, आनंदपाल, विनोद, लो. केश, सतपाल सिंह, वीर सिंह, जसपाल, नंदराम, शीलचंद मौजूद रहे।

### पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सड़क दुर्घटना में मारे गये होटल कर्मी के पिता की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज लिया है। बुधवार की सुबह थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव नगला खादर निवासी श्रीपाल पुत्र शिवराज की बाइक की भिड़ंत पिकअप से हो गई थी। बाइक पर बैठे हरपाल पुत्र धर्मवीर को भी काफी चोट लगी थी। मृतक श्रीपाल के पिता शिवराज की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चालक पर पिकअप को लापरवाही व तेज गति से चला कर टक्कर मार जाने का आरोप लगाया गया है।

### प्रबंधक के भाई की तहरीर पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कार ट्रक की जोरदार टक्कर में शाखा प्रबंधक घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जनपद अंबेडकर के थाना अलीग. ंज के टांडा निवासी संजय वर्मा पुत्र गोपीनाथ सैदनगली में जिला सहक. ारी बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात है। 26 मई को शाखा प्रबंधक कार से बैंक को आ रहे थे। रास्ते में तेज गति से आ रहे ट्रक ने शाखा प्रबंधक की कार को टक्कर मार दी थी। जिसमें संजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शाखा प्रबंधक को अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। पुलिस ने शाखा प्रबंधक के भाई की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पुलिस ने देशी शराब के बीस पव्वों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया गया। जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल संजीव कुमार व कांस्टेबल सुमित कुमार ने मुखबिर की सूचना पर मंडी रोड पर एक व्यक्ति के देशी शराब के पव्वों के साथ होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को धर दबोचा। उसके पास से एक प्लास्टिक के थैले में 17 और उसके द्वारा पहने हुए लोअर की जेब से 03 पव्वे मिले। इस तरह कुल बीस पव्वे बरामद हुए। पुलिस आरोपी को थाने लेकर आई और आरोपी अनिल पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम तिगरी थाना गजरौला के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया और गुरूवार को चालान करके कोर्ट में पेश किया।

# जिले के आठ मेधावी लखनऊ में हुए सम्मानित

### कलक्ट्रेट में भी 16 होनहारों को डीएम ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले के आठ होनहार छात्रों को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा 10 हजार का चेक, एक टेबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। जबकि कलक्ट्रेट में 16 मेधावियों को 21 हजार का चेक देकर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सम्मानित किया गया।

लोक भवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश स्तर की योग्यता सूची में हाईस्कूल में एक, इंटर में तीन, संस्कृत बोर्ड में तीन, जबकि सीबीएसई बोर्ड में एक विद्यार्थी को 10 हजार का चेक, एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कलक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तर के हाईस्कूल के 9 जबकि इंटर के 7 मेधावियों को 21 हजार का चेक, एक टेबलेट, एक प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सम्मानित किया। भारोत्तल में कांस्य पदक विजेता दीप कुमार को 30 हजार का इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बोलते डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि परीक्षार्थियों ने मेहनत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जिनका नाम सूची में दर्ज नहीं हुआ वह स्वयं को किसी तरह कमजोर न समझे। मेहनत के साथ अपने काम को अंजाम देते रहे। इस मौके पर चेयरमैन शशि जैन, एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लो, जिला विद्यालय निरीक्षक वीपी सिंह, गिरीश त्यागी, स्नेहलता चारू, संजीव कुमार, मौहम्मद असलम, जोगिन्द्र सिंह, डा. धर्म सिंह, जीपी सिंह, पवन कुमार त्यागी, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# बिजली निजीकरण के विरोध में होगा जन आंदोलन

### संभल से गजरौला रेल लाइन की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने बिजली का निजीकरण किये जाने का कड़ा विरोध करते हुए पूरे देश में इसके खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है। संभल से गजरौला तक रेल लाइन को जोड़े जाने की पुरजोर तरीके से मांग की गई। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने एसडीएम कार्यालय के सामने पंचायत का आयोजन किया। उसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंप दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अधाना ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश की तरक्की का रास्ता खेत खलियानों से गुजर कर जाता है। भाकियू बीआरएसएस मुख्यमंत्री से मांग करती है कि किसानों की समस्याओं पर अनुभूति पूर्वक तरीके से विचार कर समाधान करवाया जाये। प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन द्वारा गांव-गांव पानी की टंकियों का निर्माण हो रहा है। उनको सुचारु रूप से चालू करवाया जाये। जिन ठेकेदारों का काम संतोष जनक नहीं है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने कहा 20 दिन के लिए डबल गुरु बिजली सप्लाई की व्यवस्था की जाये। बिजली का निजीकरण किया गया तो भाकियू पूरे देश में जन आंदोलन करेगी। प्रदेश प्रवक्ता निजाम प्रधान ने कहा क्षेत्र में आवारा पशु लोगों की जान ले रहे हैं उनको पकड़कर गौशालाओं में भिजवाया जाये। महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी जानी जैदी ने कहा की सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के समूह संचा. लित किया जा रहे है। जिनमें तमाम खामियां है।महिलाओं को जनपद में राशन कोटा नहीं दिया गया। इस अवसर पर राजू चौहान, जबर सिंह, हैप्पी त्यागी, सुमित त्यागी, श्याम कुमार, डॉक्टर नेतराम सिंह, अतीक अहमद, सोनू गुर्जर, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, कर्मेंद्र चौधरी, शिवनारायण सैनी, मेहंदी हसन, हरकेश सिंह आदि मौजूद थे।

# जमीनी विवाद में पिता पुत्र को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जमीनी विवाद में एक युवक को फावड़ा, सरिये और कुल्हाड़ी का वार करके घायल कर दिया गया, चीख पुकार सुनकर जब युवक के पिता बचाने दौड़े तो हमलावर पक्ष ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अनूप सिंह राणा पुत्र जगन सिंह राणा आजादपुर माफी थाना गजरौला का निवासी है। 11.6.2025 को उसका पुत्र पंकज राणा अपने फार्म आजादपुर माफी में आया हुआ था तो जमीन के विवाद को लेकर इन्दर पुत्र मवासी, कलवा पुत्र मवासी व भुगदेव व पीतम पुत्रगण इन्दर निवासी गण कांकाठेर थाना गजरौला ने पंकज के साथ गाली गलौच की व फावड़ा, सरिये व कुल्हाड़ी से जाने से मारने की नीयत से वार किए। चीख पुकार सुनकर जब अनूप सिंह राणा अपने पुत्र को बचाने गया तो उसके साथ भी मारपीट की और जाते जाते ये लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अनूप सिंह राणा की तहरीर पर उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध संबधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शादी में दबंगों ने महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बच्चों के बीच हो रहे विवाद का बीच बचाव करवा रही महिला को दबंगों ने मारपीट कर चोटिल कर दिया। मां को बचाने आई बेटी के भी दबंगों ने कपड़े फाड़ दिये। दबंगों ने महिला का पर्स भी छीन लिया। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है।

नगर के मोहल्ला लालबाग अंगूरों वाली मस्जिद निवासी रिहाना पत्नी सलीम अहमद बुधवार को नगर के संभल मार्ग स्थित एक मैरिज हॉल में शादी समारोह में गई थी। वहां पर बच्चों के बीच झगड़ा हो रहा था। रिहाना बच्चों का बीच बचाव कराने लगी। वहां मौजूद दबंगों ने रिहाना के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। मां को बचाने आई बेटी के साथ दबंगों ने मारपीट करते हुए उसके शरीर से कपड़े फाड़ दिये। आरोप है कि दबंगों ने महिला का पर्स भी छीन लिया जिसमें नगदी मौजूद थी। महिला ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। लेकिन पुलिस द्वारा इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है। इस मामले में पुलिस ने अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं कि यह एक चर्चा का विषय बना हुआ है



### अस्थाई ठेला टैम्पों को भी हटवाया

# अतिक्रमण पर गरजी पालिका की जेसीबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** पालिका प्रशासन ने नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। उन्होंने नालों के ऊपर डाले गये स्लैब आदि को ध्वस्त कराया। गुरूवार को नगर पालिका प्रशासन की टीम पूरे दल बल के साथ जोया चौराहे से साप्ताहिक पेठ बाजार से सर्विस रोड के किनारे अतिक्रमण को जेसीबी की मद्द से ध्वस्त करा दिया। इस दौरान यहां दुकानदारों ने नालों के ऊपर स्लैब आदि डालकर अवैध कब्जा कर रखा था। यहां अकसर जाम की समस्या लोगों के लिये परेशानी का कारण बनी रहती थी। लोगों द्वारा समय-समय पर इसकी शिकायतें भी अधिकारियों से की जाती रहीं। जिस पर पालिका टीम पहुंची तथा कब्जे हटवाये। ईओ विपिन कुमार सेंगर ने अतिक्रमणकारियों को चेताया कि यदि दोबारा से यहां अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर यातायात प्रभारी अनुज मलिक, मौहम्मद नोमान, मुस्तकीम, राशिद, मलिक, फहीम अहमद, राजवीर सिंह, विजय आदि मौजूद रहे।

# आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाएगा बीसीसीआई

**● 14 जून को होगी मीटिंग आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को बेंगलुरु भगदड़ केस में मिली कर्नाटक हाईकोर्ट से जमानत**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द ही आईपीएल में विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाने वाला है। 4 जून को बेंगलुरु में आरसीबी के आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन में 11 लोगों की मौत हो गई थी, इस कारण अब बीसीसीआई पर गाइडलाइन बनाने का दबाव भी है। दूसरी ओर, आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसाले को कर्नाटक हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट पुलिस के पास जमा कराना होगा।

सोसाले को सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने 6 जून को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। 14 जून को मीटिंग आईपीएल टीमों के विक्ट्री सेलि. ब्रेशन पर गाइडलाइन के लिए बीसीसीआई 14 जून को एपेक्स काउंसिल की मीटिंग करने वाला है। इस ऑनलाइन मीटिंग में भारत की घरेलू सीरीज पर भी चर्चा होगी। एक रिपोर्ट अनुसार, बीसीसीआई ट्रॉफी सेलिब्रेशन के नए तरीकों पर विचार करने वाला है। ताकि भगदड़ जैसे हादसे भी न हो और गेम स्पिरिट भी बनी रहे। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भी कहा था कि बोर्ड सभी टीमों के लिए ऑफिशियल गाइडलाइन जारी करेगा। बेंगलुरु में आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान करीब 3 लाख सड़कों पर पहुंच गए थे। तस्वीर विधान सभा के बाहर की है, जहां ब्ड सिद्धारमैया ने विनिंग टीम का सम्मान किया था। न्यूजीलैंड सीरीज की तारीखें भी तय होंगी बीसीसीआई की मीटिंग में ही 2026 की न्यूजीलैंड सीरीज के मैचों पर भी फैसला लिया जाएगा। कीवी टीम अगले साल टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। श्रीलंका और भारत की मेजबानी में होने वाला आईसीसी टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में खेला जाएगा। पिछले साल की तरह 2025 में भी घरेलू सीजन सितंबर में दिलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। इस बार भी दिलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट इंटर जोनल ही होगा।

आरसीबी के मार्केटिंग हेड को जमानत मिली, बेंगलुरु भगदड़ केस में आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद उन्होंने अपनी जमानत याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए कहा गया। सोसाले के साथ डीएनए एंटरटेनमेंट के सीनियर इवेंट मैनेजर किरण कुमार और वाइस प्रेसिडेंट सुनील मैथ्यू को भी 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। इन्हें भी जमानत मिल गई। सोसाले के वकील ने कर्नाटक हाई कोर्ट में गिरफ्तारी के तरीके पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद गुरुवार (12 जून) को तीनों कर्मचारियों को जमानत दे दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ के दौरान पुलिसकर्मी घायलों को कंधे पर उठाकर हास्पिटल ले गए थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची थी भगदड़ 3 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को आईपीएल फाइनल में 6 रन से हराया। टीम ने 18 सीजन में पहली बार खिताब जीता, जिसकी खुशी में अगले दिन ही होमग्राउंड बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री सेलिब्रेशन किया। आरस. ीबी टीम के सभी सदस्य जब विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर रहे थे, उसी दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई, वहीं 33 से ज्यादा लोग घायल हुए। हादसे के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने मुकदमे की जांच शुरू करवाई। जांच जारी है।

## कुलदीप हांडू डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल के सदस्य नियुक्त

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू कश्मीर के एकमात्र द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल का सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी नियम, 2021 के तहत दो साल की अवधि या राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 के लागू होने तक, जो भी पहले हो, डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) के खेल सदस्य के रूप में मंजूरी दी गई है।

हांडू ने कहा कि नाडा के एडीडीपी पैनल का सदस्य बनना मेरे लिए सम्मान की बात है और मुझे इसका सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि नौकरी के अलावा मैं खिलाड़ियों को वाडा के नियमों से अवगत कराने की पूरी को. शिश करूंगा और यह अवसर देने के लिए मैं युवा मामले और खेल मंत्रालय और नाडा का आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी हांडू वर्तमान में भारतीय वुशु टीम के राष्ट्रीय मुख्य कोच हैं। जम्मू-कश्मीर में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हांडू विभाग में खेल अधिकारी के पद पर तैनात हैं।

# हर गेंद पर चुनौती पेश करें: गंभीर



**● खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कमर कस ली है। भारतीय टीम इस दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। इस महत्वपूर्ण सीरीज से पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और गिल ने अपनी राय रखी है। गंभीर ने खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा है। भारत इस सीरीज में विराट कोहली, रो. हित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना खेलने उतरेगा। भारत ने 2007 के बाद इंग्लैंड की जमीन पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। गंभीर ने कहा कि गिल की कप्तानी में टीम में कुछ विशेष हासिल करने के लिए जुनून और प्रतिबद्धता है। गंभीर ने बीसीसीआई डाट टीवी से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। जब मैं इस टीम को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा, पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया जाना हमेशा खास होता है इसलिए मैं साई का स्वागत करना चाहता हूं जिनके लिए बल्ले से तीन महीने शानदार रहे हैं और सुनिश्चित कीजिए कि आपका लाल गेंद का करियर बेहद सफल हो। मैं अर्शदीप सिंह का स्वागत करना चाहता हूं। आपने सफेद गेंद से शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि आप लाल गेंद से भी अपना जलवा बिखेरेंगे। भारतीय कोच ने गिल और उपकप्तान ऋषभ पंत की पीठ भी थपथपाई। गंभीर ने कहा कि मैं शुभमन को भी बधाई देना चाहता हूं जो पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। अपने देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व करने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। बधाई हो। ऋषभ पंत को भी जो अब नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। गंभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की। भारतीय कोच ने कहा, वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल शानदार रहा। कप्तान गिल ने अपने साथियों से खुद को थोड़ा दबाव में रखने का आग्रह किया जिससे कि सीरीज शुरू होने पर वे परिस्थितियों से प्रभावित नहीं हों। गिल ने कहा, आइए प्रत्येक नेट सत्र को सार्थक बनाएं। आइए खुद को थोड़ा दबाव में रखें। जब हम मैदान पर उतरते हैं तो इसका मतलब सिर्फ मैदान पर जाकर टिके रहना नहीं होता, आइए हम अपने खेल का पता लगाएं, जब हम पर दबाव डाला जाएगा तो हम कैसे खेलेंगे, चाहे वह गेंदबाज हो या बल्लेबाज।

## रिकी पोंटिंग ने की ब्यू वेबस्टर की तारीफ

**लंदन, वार्ता।** आईसीसी हॉल ऑफ फेम रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की प्रशंसा की है, जिन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को निखारने में अहम भूमिका निभायी। पोंटिंग ने कहा कि वह (वेबस्टर) पूरी तरह से तैयार लग रहे थे और 'तैयार' बिल्कुल वही शब्द है जो वेबस्टर ने अपने सीमित टेस्ट करियर में अब तक करके दिखाया है।

दवाब में वेबस्टर की पारी उनके महत्व को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज ऑलराउंडर ने इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ सिडनी में निर्णायक टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने अपनी पहली पारी में 57 रन बनाए थे। वे उस समय क्रीज पर आए थे जब उनकी टीम का स्कोर चार विकेट पर 39 रन था, और टीम अभी भी 146 रन पीछे थी और पहली पारी में बड़ी कमी का सामना कर रही थी। इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 181 रन बनाए, जिससे मेजबान टीम को भारतीयों पर रोमांचक जीत हासिल करने का मौका मिला। लॉर्ड्स में खेले गए अंतिम टेस्ट की चमकीली रोशनी में वेबस्टर ने फिर से ऐसा किया। अपने चौथे टेस्ट में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती मुश्किल दौर से निपटते हुए 92 गेंदों पर 72 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया के लिए शीर्ष स्कोरर रहे और सुनिश्चित किया कि उनकी टीम विश्व स्तरीय गें. दबाज़ी के खिलाफ़ मुश्किल पिच पर 212 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाए। इस प्रदर्शन की काफ़ी प्रशंसा हुई है। रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के बाद आईसीसी डिजिटल से कहा कि आप उन 70 रनों को हटा दें, तो स्कोरकार्ड बिल्कुल अलग दिखता है। मुझे लगता है कि यह इस बात को दर्शाता है कि वह अभी अपने खेल में कितना सहज है और ऑस्ट्रेलियाई मध्य क्रम में होने के बावजूद भी वह कितना सहज है। आज मुझे जो बात पसंद आई, वह यह थी कि ऑस्ट्रेलिया थोड़ी परेशानी में थी, विकेट गिर रहे थे। ऐसे में वेबस्टर ने मैदान पर जाकर अपनी स्वाभाविक खेल शैली को बनाए रखा। जिस तरह से वह खेलना चाहता था, उसने आक्रामक होने की को. शिश की और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की।

# ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**● विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लार्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा**



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लार्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। कगिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसेन (49 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही और उसने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं।

मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले दिन ही एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना जो इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में नहीं बना था। दरअसल, इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरआल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है। पहले दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम आठ, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही मार्करम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए। वियान मुल्डर को एक रन के निजी स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर कैरी ने जीवनदान दिया। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को अर्जेंटीना से मिली नजदीकी हार

**एम्स्टेलवीन, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद भारतीय टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (12', 33') ने दो गोल किए, जबकि अभिषेक (42') ने तीसरा गोल किया।

अर्जेंटीना के लिए बुधवार रात को मटियास रे (3'), लुकास मार्टिनेज (17'), सैंटियागो तराज़ोना (34') और लुसियो मेंडेज़ (46') ने गोल किए। अर्जेंटीना ने भारत से पहले ही बढ़त बना ली थी जब शुरुआती दबाव का फायदा मटियास रे (3') ने उठाया और अर्जेंटीना की टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद, भारतीयों ने दबाव को झेलते हुए आक्रमण करना शुरू कर दिया। भारत ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास जारी रखा और ब्रेक से ठीक पहले, हरमनप्रीत (12') ने गोल करके क्वार्टर को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया। भारतीय टीम दूसरे क्वार्टर में गति बनाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन अर्जेंटीना के मार्टिनेज (17') ने शुरुआती गोल करके भारत को कुछ दबाव में ला दिया। हालांकि, भारत ने वापसी की और दूसरे बराबरी के लिए प्रयास किया। लेकिन अर्जेंटीना भारत के आक्रमण के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखने में सफल रहा और हाफ टाइम तक बढ़त के साथ आगे बढ़ा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में, मनदीप सिंह ने भारत के लिए पेनल्टी स्ट्रोक अर्जित किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (33') ने आगे बढ़कर इसे निचले कोने में पहुंचा दिया। भारत अर्जेंटीना के साथ फिर से बराबरी पर आ गया। हालांकि, एक मिनट के भीतर अर्जेंटीना ने सैंटियागो तराज़ोना (34') के गोल के साथ अपना तीसरा गोल दागा। इसके बाद से भारत ने अपने खेल को और बेहतर करना शुरू कर दिया और अर्जेंटीना को अपने ही हाफ में वापस धकेल दिया। लगातार दबाव का अंततः फायदा मिला और क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले अभिषेक (42') ने गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत भी तेज रही। अर्जेंटीना ने भारत के डिफेंस को भेदने का प्रयास किया और लुसियो (46') ने नजदीकी रेंज से गोल किया।

# ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को कम स्कोर पर समेटा जा सकता था: रबाडा



**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार गें. दबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को सस्ते में निपटाया जा सकता था। लॉर्ड्स में दक्षिण अफीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद नई गेंद से जिम्मेदारी कैगिसो रबाडा पर आ गई और इस अनुभवी खिलाड़ी ने अल्टीमेट टेस्ट में अपनी छाप छोड़ने में बहुत कम समय लिया। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कैमरून ग्रीन को आउट करते हुए रबाडा ने टेस्ट मैचों में अपना 17वां पांच विकेट हॉल हासिल किया।

उनके इस स्पैल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने गत चैंपियन को 212 रनों पर समेट दिया लेकिन रबाडा का मानना है कि प्रोटियाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को और भी पहले ध्वस्त कर सकते थे।

लॉर्ड्स में दिन का खेल खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए तेज गेंदबाज ने कहा कि 212 रनो की चुनौती को हम स्वीकार करेंगे। हमें लगा कि हमें उन्हें 160 पर रोक देना चाहिए था, लेकिन खेल इसी तरह चलता है। ऑस्ट्रेलिया के 146 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद ब्यू वेबस्टर ने 72 रन की शानदार पारी खेलकर पहली पारी की कमान संभाली। रबाडा ने ऑलराउंडर की खूब प्रशंसा की, जिन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी को भांपकर अपनी रणनीति बदली। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह किसी भी गेंद पर आउट हो जाएंगे, लेकिन मुझे लगता है कि उनके सकारात्मक इरादे ने उन्हें जीत दिलाई। रबाडा ने आखिरकार वेबस्टर को आउट किया और एलन डोनाल्ड को पछाड़कर प्रोटियाज के लिए टेस्ट मैचों में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। रबाडा ने इस उपलब्धि पर कहा, ड्गें. दबाजों की इस सूची में शामिल होना खास है। एक खिलाड़ी के रूप में बड़े होते हुए और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए, मैं उन लोगों से प्रेरित हुआ हूं जो पहले आए हैं और उन्होंने बड़े मंच पर जो कुछ किया है, उसे देखा है। उन नामों में शामिल होना खास है और यह लंबे समय तक जारी रह सकता है।

## एमबापे, मेसी और रामोस क्लब विश्व कप के लिए तैयार

**लंदन, वार्ता।** क्लब विश्व कप का आयोजन इस साल पहले से कहीं बड़ा होगा, जिसमें फुटबॉल के सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। अमेरिका के 11 शहरों में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। महीने भर चलने वाला यह मुकाबला 15 जून से शुरू होगा और 13 जुलाई को समाप्त होगा। आठ बार बैलन डी' ओर जीतने वाले लियोनेल मेसी इंटर मियामी में बार्सिलोना के पूर्व खिलाड़ियों की एक शानदार चौकड़ी का हिस्सा हैं, जिसमें लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़, मिडफील्डर सर्जियो बुस्केट्स और लेफ्ट-बैक जोर्डी अल्बा शामिल हैं। 2010 में स्पेन के साथ विश्व कप विजेता टीम के सदस्य डिफेंडर सर्जियो रामोस मैक्सिकन टीम मॉन्टेरी के कप्तान हैं, जबकि स्ट्राइकर ओ. लिवर गिरौद और गोलकीपर ह्यूगो लोरिस लॉस एंजिल्स एफसी की टीम में हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व कप विजेता किलियन एमबाप्पे और एंटोनी ग्रिज़मैन क्रमशः रियल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड की टीमों में हैं। मैनचेस्टर सिटी ने अपनी टीम में तिजानी रेइंडर्स, रेयान ऐट-नूरी, मार्कस बेटिनेली और रेयान चेर्की को चुना है।

# ऑस्ट्रेलिया की वापसी पर स्मिथ खुश



**लंदन, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में अर्द्धशतकीय पारी खेलने वाले स्टीव स्मिथ ने कहा कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरने के बाद उनकी टीम की वापसी सराहनीय है।

स्मिथ ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के पहले दिन 66 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन पार्ट-टाइम स्पिनर एडेन मार्कराम का सामना करते समय उनका ध्यान भंग हो गया और गेंद स्लिप में चली गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 212 रनों पर आउट हो गई, जिसमें ब्यू वेबस्टर ने 72 रनों की पारी खेली। चायकाल के बाद अंतिम पांच विकेट सिर्फ 20 रन पर गिरने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की। मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर में मार्कराम को क्लीन बोल्ड करके लय हासिल की। इसके बाद पैट कलमस और जोश हेजलवुड ने भी एक-एक विकेट लिया, जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 43 रन हो गया और खेल का रुख पूरी तरह से बदल गया।

स्मिथ ने कहा कि मुझे लगता है कि हम अच्छी स्थिति में हैं, हमने बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाने के कुछ मौके गंवाए। विकेट ने पूरे दिन कुछ न कुछ दिया, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।

169 रन आगे हैं और उनके चार विकेट गिर चुके हैं। उम्मीद है कि सुबह भी कुछ ऐसा ही होगा, जैसा आज हुआ। यह एक बेहतर दिन हो सकता था, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं। उन्होने कहा कि मुझे लॉर्ड्स में बल्लेबाजी करना पसंद है और जब मैं क्रीज पर था, तो मैंने अपना समय का आनंद लिया। जब मैं आउट हुआ, तो मुझे लगा कि गेंद नरम थी, लेकिन विकेट अभी भी कुछ दे रहा था और उम्मीद है कि कल भी ऐसा ही होगा।

## दिल्ली में आयोजित होगा पहला ग्लोबल पायथियन गेम्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** यूनान का प्राचीन खेल ग्लोबल पायथियन गेम्स पहली बार दिल्ली में तीन से पांच दिसंबर तक आयोजित होगा। यहां आयोजित कार्यक्रम में आधुनिक पायथियन गेम्स के संस्थापक एवं पायथियन काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बिजेन्दर गोयल ने बताया कि पहली ग्लोबल पायथनोवा पायथियन गेम्स का आयोजन तीन से पांच दिसंबर दिल्ली में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पायथियन गेम्स को लेकर देशभर से आये सदस्यों के साथ चर्चा भी हुई। हाल ही में भारतीय स्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ हुई बैठक में परिषद ने इस वैश्विक सांस्कृतिक मिशन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। इसके समर्थन के लिए पायथियन परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और संस्कृति मंत्रालय के सचिव से मुलाकात करेगा। श्री गोयल ने कहा कि विभाजनों से भरी इस दुनिया में, पायथियन गेम्स संस्कृति के माध्यम से एकता का वैश्विक मंच प्रदान करते है। पायथियन गेम्स के लिए वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर एक केंद्रीकृत फ्रेंचाइज़ी मॉडल लाया जाएगा, जिससे इसकी कार्यप्रणाली पारदर्शी, उत्तरदायी और सुव्यवस्थित हो सके। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल डेल्फिक कमेटी (रूस), इक्युमेनिकल डेल्फिक यूनियन (ग्रीस) और साइप्रस सरकार ने आधिकारिक रूप से आधुनिक पायथियन का समर्थन किया है। प्राचीन पायथियन गेम्स, यूनान की चार पनहेलनिक खेलों में से एक थे, जो देवता अपोलो को समर्पित थे और डेल्फी में आयोजित किए जाते थे।

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 13 जून 2025

# विमान सुरक्षा पर गंभीर सवाल

गुरुवार का काला दिन, जिसने दो सौ से भी ज्यादा जिंदगी लील ली, लेकिन हमने अभी तक ऐसी घटनाओं से सबक नहीं लिया है। आखिर कब तक ऐसे ही निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी। गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 242 यात्री सवार थे सभी की मौत हो गई। अभी तक देखने में आया है कि घटना होने के बाद ही शासन-प्रशासन हरकत में आता है। इससे पहले भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं, लेकिन उनसे हमारी सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा है। भारत में विमान हादसों का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले विमान का मलबा देखकर नहीं लगता है कि इस हादसे में कोई व्यक्ति जीवित बचा होगा। भारत में विमान हादसे का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस और कजाकिस्तान एयरलाइंस के विमानों की मिड-एयर टक्कर हुई थी ,जिसमें 349 लोगों की मौत हुई थी, जबकि अटलांटिक महासागर, आयरलैंड तट पर विमान में खालिस्तानी आतंकी हमले में बम विस्फोट हुआ था, जिसमें 329 लोगों की जान गई थी। मुंबई में अरब सागर पर एयर इंडिया फ्लाइट में जनवरी 1978 में टेकआफ के बाद फेल्योर होने के कारण 213 लोगों की मौत हुई थी और भी ऐसे हादसे हैं, जिन्होंने देश को झकझोरा है, लेकिन नागरिक उड्डयन विभाग ने कोई सबक नहीं सीखा है। आखिर ये हादसे क्यों होते हैं, ये जानना भी जरूरी है। कई बार देखने को मिलता है कि विमान का इंजन फेल हो जाता है, नेविगेशन सिस्टम में खराबी हो जाती है या लैंडिंग गियर या विंग्स में गड़बड़ी हो जाती है, जिसकी वजह से विमान क्रैश होता है। कई बार पायलट की गलती या एयर ट्रैफिक कंट्रोल में हुई चूक की वजह से प्लेन क्रैश हो जाता है। इसके अलावा कई बार प्लेन उड़ा रहे पायलट के अनुभव की कमी की वजह से उसके द्वारा लिए गए गलत निर्णय के चलते प्लेन क्रैश होता है। कई बार प्लेन में ईंधन ठीक से न भरा जाना, टायर प्रेशर की निगरानी में हुई चूक या टेक्निकल स्टाफ से हुई चूक भी विमान के क्रैश होने की संभावना को काफी ज्यादा बढ़ा देती है। तेज आंधी तूफान, बिजली, भारी वर्षा खराब मौसम में टर्बुलेंस की वजह से विमान नियंत्रण से बाहर चला जाता है, जिसकी वजह से वह हादसे का शिकार हो जाता है। जब भी कोई विमान हादसा होता है, तो संबंधित जांच विभाग दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट जाते हैं। हादसे के जांच होना तो लाजमी है, परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जांच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं।

## हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए



ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए, ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो, कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए, ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए, जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए।

**-जस्टिस बीआर गवई**
**चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया**

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण





**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आक. ाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है।

इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जाएगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम पिता: लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिए इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है।

इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान राम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यत: इस बात से सर्वाधिक दु:खी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दु:खी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दु:ख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। मां ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। मां से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। मां से स्वर्ग है मां से बैकुंठ, मां से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है।

आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मान. सिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिए मेरे पिता स्व। रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक- धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिए तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौंसलों की उड़ान रहे तो आत्मविश्वास की दीवार रहे। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है।

पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमश: अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी मांगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं।

**बशीर बद्र साहेब का एक शेर है-**
**लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में। तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।**
**आज यह बस्तियां तोड़ दीं ये मजलूमों की भीड़ फिर किसी और शहर की ओर रवाना हो जाएगी-**
**हटो कांधे से आंसू पोंछ डालो वो देखो रेल-गाड़ी आ रही है। मैं तुम को छोड़ कर हरगिज न जाता गरीबी मुझ को ले कर जा रही है।**
**अज्ञात**
**गरीब तो वह जंगली जानवर हैं कि वो दीपावली के दिए में बचे तेल से निवाले निकाल लिया करते हैं। लखनऊ से फरीदाबाद, दिल्ली से नोएडा और गुड़गांव तक, धारावी से लेकर जयपुर और मध्य प्रदेश तक। जहां-जहां यह बस्तियां मिलें इन्हें नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए क्योंकि गरीबों का मर जाना ही अच्छा है। स्मार्ट सिटीज पर मलिन बस्तियों का पैबंद रहे तो रहे क्यों?**

# आज तक आग ने कोई रिश्ता नहीं निभाया



**पवन सिंह**

एक सरकारी कवयित्री का एक भजन कभी बहुत चर्चित हुआ था। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे वो आएंगे। झोपड़ी वालों ने सावन के काले-कजरारे बादलों की तरह झूम-झूमकर कर खूब भजन गाए और अपनी झोपड़ियों के दरवाजे खुले रखे लेकिन वो नहीं आए उन्होंने बुल्डोजर भिजवा दिया। लाखों की संख्या में गरीबों की झोपड़ियां, टीन शेड्स, तिरपाल के घर। सब कुछ तबाह कर दिए गए। मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं और एक इंसान होने की सलाहियत तक को बुल्डोजर के लौह पंजों ने रौंद डाला। लोग रोते रहे।

चीखते रहे। आंखों में आंसुओं का सैलाब। सुबकते दों होठों के बीच जुड़े और कांपते हुए दोनों हाथ। दर्द और पीड़ा इतनी कि होंठ कुछ कहने के लिए कांपते रहे लेकिन कह न सके। एल्यूमिनियम का पतीला और चंद थालियां, कुछ ग्राम या बमुश्किल एक किलो अनाज समेट कर। सब कुछ धूलधूसरित हो जाने की वह पीर, वही जान सकता है जिसने अपनी आंखों के सामने सब कुछ कतरा-कतरा बिखरते हुए देखा है। कभी ये झोपड़ पट्टियां भी सांसे लेती थीं। जिंदगी यहां भी चलती थी। इन बस्तियों में लाशें नहीं रहती थीं। तुम्हारी हिकारत भरी नजरों के बावजूद कभी उन्होंने तुमसे शिकायत भी न की, लेकिन फिर भी तुमने दशकों-दशक से बसे घरौंदों को जमींदोज कर दिया। माना वह घरौंदे अवैध थे, लेकिन लोग तो इंसान थे। बिल्कुल वैसे ही, जैसे हम और आप हैं।

इन लेच्छ जानवरों ने कभी राह चलते आपकी मर्सिडीज नहीं रोकी और न अपनी बांसी रोटी को आपके पिज्जा से टकराया। न कभी आपके फ्राइड राइस और मशरूम पनीर भरी प्लेट से सूखे चावल की टुटही एल्यूमिनियम की थाली टकराई, लेकिन आपने उसके टीन शेड, पालीथीन और ईंट के घरों को पल भर में नेस्तनाबूत कर दिया। जब आप बस्तियां धूल में मिला रहे थे तो बदहवासी देखी थी क्या? गंदे और फटे कपड़ो में घुटनों के बल बैठे, दोनों कोहनियों को घुटनों में फंसाए, उंगलियों से टपकते अश्क को पोंछते इन इंसानी जानवरों को देखा था क्या। माना कि उन बस्तियों के नीचे की जमीनें बहुत कीमती हैं। आप ले लेते जमीनें, लेकिन उनको पहले कहीं पुर्नवासित तो कर देते। ये जो बस्तियां उजाड़ी हैं, यह आपके घरों की टाइल्स और मार्बल्स की चमक थीं। दो रोटी कमाने आपके शहर आए थे। आपके घरों में झाड़ू पोंछा, आपके कमोड की सफाई, आपके कपड़ों पर प्रेस, आपकी गली की सफाई, पानी पीकर सड़क पर फेंकी गई करोड़ों बोतलों और चिप्स खाकर फेंके गए पैक्टों को बीन कर साफ करने वालों, मंडी से सुबह 4 बजे सब्जी लाकर आप की गली में बेचने वाले। इन जानवरों के लिए बुल्डोजर ही विकल्प है। इनमें से तमाम ये इंसानी जानवर अपने-अपने शहरों, गांवों की ओर लौट जाएंगे। हो सकता है इनमें से तमाम युवा न लौटें। यह जो नहीं लौटेंगे इनकी भूख और बेबसी इन्हें अपराधी बनाएगी। यह आंच आप तक भी आएगी। भरे-अघाए पेट वालों से कहीं ज्यादा ताकतवर भूखा और बेबस आदमी होता है। भूख डर खा जाती है और बेबसी व लाचारी संवेदनाओं को चबा जाती है। किसी भी शहर की व्यवस्था को संचालित करने का एक बड़ा पहिया यह मलिन बस्तियां भी रही हैं, लेकिन बुल्डोजर इनका समाधान नहीं हो सकता। गरीबी, बेरोजगारी, मुफलिसी का बहुत गहरा याराना जरायम से है और विगत कुछ सालों में इसमें जबरदस्त इजाफा हुआ है। यह और भी भयावह होगा इसके लिए आप लोग मानसिक रूप से तैयार रहें। आज तक आग ने कभी कोई रिश्ता नहीं निभाया है। फिलहाल, झोपड़ियां, बस्तियां उजड़ गईं, आगे और उजड़ेंगी, क्योंकि आपकी झोपड़ी के भाग में वो कभी नहीं आते। जब वो धर्मस्थलों में पांच साल की बच्चियों महिलाओं के रेप पर बाहर निकल कर नहीं आते तो क्या खाक तेरी झोपड़ी में आएंगे। वो उनके साथ है जो इनको लाए थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरल और प्रसिद्ध होने के लिए कुछ भी!



**रजनीश कपूर**

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया ने लोगों को अपनी बात दुनिया तक पहुंचाने का एक शक्तिशाली मंच प्रदान किया है। यह मंच जहां एक ओर रचनात्मकता, ज्ञान और सकारात्मक संदेशों को फैलाने का अवसर देता है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस मंच का दुरूपयोग भी कर रहे हैं। एक चिंताजनक प्रवृत्ति जो हाल के वर्षों में उभरी है, वह है सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की कोशिश। यह न केवल सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता है, बल्कि समाज में नैतिकता और संस्कृति के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ ने कई लोगों को गलत रास्ते पर धकेल दिया है। कुछ लोग त्वरित प्रसिद्धि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार, अभद्र भाषा, अनुचित कपड़े या आपत्तिजनक हरकतें करते हैं और इसे रिकॉर्ड करके ऑनलाइन डाल देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ युवा सार्वजनिक स्थानों जैसे मेट्रो, बस, पार्क या बाजारों में अश्लील नृत्य, अशोभनीय टिप्पणियां या विवादास्पद कृत्य करते हैं, ताकि लोग उनकी वीडियो देखें, शेयर करें और वे रातोंरात प्रसिद्ध हो जाएं।

इस तरह की सामग्री को अक्सर क्लिकबेट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि यह लोगों का ध्यान तुरंत खींचती है, लेकिन यह प्रवृत्ति समाज के लिए हानिकारक है, क्योंकि यह न केवल नैतिकता को कमजोर करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी गलत संदेश देती है। यह सवाल उठता है कि क्या प्रसिद्धि के लिए नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रखना उचित है? आज के समय में, सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और व्यूज को सफलता का पैमाना माना जाता है। लोग मानते हैं कि वायरल होने से उन्हें प्रसिद्धि, पैसा और अवसर मिलेंगे। इस लालच में वे अश्लीलता का सहारा भी ले लेते हैं, क्योंकि यह तेजी से ध्यान आकर्षित करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के एल्गोरिदम विवादास्पद और सनसनीखेज सामग्री को अधिक प्रचारित करते हैं। अश्लील वीडियो या पोस्ट को ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स मिलते हैं, जिससे वे ट्रेंडिंग लिस्ट में आ जाते हैं। यह क्रिएटर्स को ऐसी सामग्री बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।आधुनिक समाज में कुछ हद तक नैतिकता और सामाजिक मूल्यों में कमी आई है। लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर अनुचित व्यवहार को सही ठहराने लगे हैं। सोशल मीडिया पर लाखों कंटेंट क्रिएटर्स हैं और उनमें से अलग दिखने के लिए कुछ लोग गलत रास्ते चुन लेते हैं। अश्लीलता एक आसान और तेज तरीका लगता है। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने की प्रवृत्ति समाज पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। जब लोग सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार करते हैं, तो यह समाज की नैतिकता और मर्यादाओं को कमजोर करता है। खासकर बच्चे और युवा जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, वे ऐसी सामग्री से प्रभावित हो सकते हैं और इसे



सामान्य मानने लगते हैं। अश्लील व्यवहार सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद अन्य लोगों के लिए असुविधा और असहजता का कारण बनता है। इससे सामाजिक तनाव और विवाद पैदा हो सकते हैं।कई बार अश्लील वीडियो में महिलाओं या बच्चों को अनुचित तरीके से दिखाया जाता है, जिससे उनकी गरिमा और सुरक्षा को खतरा होता है। भारत जैसे देश में, जहां संस्कृति और परंपराओं का विशेष महत्व है, ऐसी गतिविधियां सांस्कृतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाती हैं। यह सामाजिक एकता और सम्मान को कमजोर करता है।

भारत में सार्वजनिक अश्लीलता को रोकने के लिए कई कानून मौजूद हैं। भारतीय न्याय संहिता के तहत, सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य या शब्दों का उपयोग दंडनीय अपराध है। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत भी ऑनलाइन अश्लील सामग्री को फैलाना भी गैरकानूनी है। फिर भी, इन कानूनों का सख्ती से पालन नहीं हो पाता, क्योंकि सोशल मीडिया पर सामग्री की मात्रा इतनी अधिक है कि हर पोस्ट की निगरानी करना मुश्किल है। इस समस्या से निपटने के लिए समाज, सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिलकर काम करना होगा। सार्वजनिक अश्लीलता और ऑनलाइन अश्लील सामग्री के खिलाफ कानूनों का सख्ती से पालन करना जरूरी है। दोषियों को उचित सजा मिलनी चाहिए, ताकि दूसरों के लिए नजीर बने।सोशल मीडिया कंपनियों को अपने एल्गोरिदम में बदलाव करना चाहिए, ताकि अश्लील और विवादास्पद सामग्री को बढ़ावा न मिले। ऐसी सामग्री को तुरंत हटाने और क्रिएटर्स के अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने की नीति लागू करनी चाहिए।समाज में नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में शिक्षित करना जरूरी है। वहीं माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना चाहिए। सोशल मीडिया पर सकारात्मक, रचनात्मक और प्रेरणादायक सामग्री को बढ़ावा देना चाहिए। सरकार और गैर-सरकारी संगठन ऐसी पहल शुरू कर सकते हैं, जो युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करें। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की प्रवृत्ति एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल व्यक्तिगत नैतिकता को प्रभावित करती है, बल्कि समाज और संस्कृति पर भी गहरा असर डालती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहमदाबाद एयर क्रेश पर बोले ब्रिटिश पीएम: हादसे के विजुअल बहुत भयानक

## दुर्घटनाग्रस्त जहाज में 61 विदेशी यात्री थे शामिल



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इस प्लेन में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है।

एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह प्लेन क्रैश हो गया। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने इस हादसे पर दुख जताया है। कीर स्टार्मर ने संसद में कहा कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन जा रहे प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश होने के कई विजुअल बहुत भयानक हैं। मुझे हर अपडेट के बारे में जानकारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ है। वहीं, ब्रिटिश सांसद लूसी पावेल ने कहा कि ब्रिटिश सरकार एयर इंडिया विमान में सवार लोगों को 'हर संभव मदद' मुहैया कराएगी। संसद में बोलते हुए पावेल ने कहा कि कई परिवार हैं, जो अपने लोगों के आने का इंतजार कर रहे हैं। यह बहुत चिंता की बात है। हम उन सभी परिवारों के लिए अपनी गहरी संवेदना जताते हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह भारत में लोकल अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे के हर पहलू को पता करने और इसमें शामिल लोगों को मदद देने की कोशिश कर रहा है। अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को कान्सुलेट से मदद चाहिए या उन्हें अपने दोस्तों या परिवार की चिंता है, तो वे 020 7008 5000 नंबर पर काल कर सकते हैं। वहीं, पुर्तगाल के समुदाय मामलों के राज्य सचिव एमिडियो सूसा ने कहा कि प्लेन क्रैश में दोहरी राष्ट्रीयता वाले 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। पुर्तगाली अधिकारी उन सभी लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।



पटना। बेरोजगारी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## पाकिस्तान ने आईएमएफ की मांगों के अनुरूप बजट को अंतिम रूप दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांगों के अनुरूप अपने बजट को अंतिम रूप देने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान के वित्त सचिव इमदादुल्लाह बोसल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'समा टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार बोसल ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईएमएफ ने कृषि क्षेत्र पर कर न लगाने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इसे पाकिस्तान के लिए 'बड़ी उपलब्धि' बताया। उन्होंने कहा कि उर्वरकों और कृषि रसायनों पर कर मूल रूप से पिछले वित्तीय वर्ष (2024) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री के निर्देश के तहत हमने इसे स्थगित करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत की।

# अमेरिका में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति 45 प्रतिशत तक घटी

## स्टूडेंट की संख्या 1 लाख तक कम हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी यूनिवर्सिटी- कालेज में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति में 45 प्रतिशत तक की कमी आई है। इस साल सिर्फ 380 भारतीय प्रोफेसरों को नौकरी मिली, जबकि पिछले साल यह संख्या 700 से ज्यादा थी।

अमेरिका में विदेशी फैकल्टी की नियुक्तियां भी कम हुई हैं, इस साल 2500 को नौकरी मिली, जो पिछले साल बाइडेन के समय दोगुनी से अधिक थी। साथ ही, अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है। इस साल 2.31 लाख छात्रों ने ही दाखिला लिया, जबकि 2024 में 3.31 लाख छात्र अमेरिका गए थे। इसके दो बड़े कारण यूनिवर्सिटी का एडमिशन आफर वापस लेना और अमेरिकी दूतावास की ओर से वीजा जारी नहीं करना माना जा रहा है। ट्रम्प ने अमेरिका में विविधता, समानता और समावेशी (डीईएल) प्रोजेक्ट को खत्म कर दिया।

### ■ यूनिवर्सिटी ने छात्रों के एडमिशन आफर वापस लिए

इसके के तहत भारतीयों और अन्य अश्वेत फैकल्टी का कोटा तय होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह कोटा खत्म होने से श्वेत प्रोफेसरों की एंट्री आसान हो गई। ट्रम्प ने कालेज-यूनिवर्सिटी को दिए एग्जीक्यूटिव आर्डर में श्वेत प्रोफेसरों को अहमियत देने के निर्देश दिए हैं।

## इराक से अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों की वापसी

**ह्यूस्टन।** इराक में अमेरिकी दूतावास के गैर-जरुरी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को अनिर्दिष्ट सुरक्षा जोखिमों के कारण देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हमारे नवीनतम विश्लेषण के आधार पर हमने इराक में अपने मिशन का दायरा कम करने का फैसला किया है। हम अपने सभी दूतावासों में उचित कर्मियों की स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य कर्मियों के परिजनों की स्वैच्छिक वापसी की मंजूरी दी है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा।
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस. हॉस्टल फीस. खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)




with you | xmart *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

SHREE SHYAM JI AUOTMOTIVE — MEERUT 7428594673 7302255500; BAGHPAT 7428594673
JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD. — MEERUT 9711831908 8929469900; MAWANA 9711831908; SARDHANA 9711831908
A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD. — MUZAFFARNAGAR 7617595008 8392954021; SHAMLI 7617595008
SHIVA AUTOCORP — BULANDSHAHAR 7617595010 8929088709
TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD. — BIJNOR 7617595014; SAHARANPUR 7617595014; GAJRAULA 7617595014; DHAMPUR 7617595014; DEOBAND 7617595014; GANGOH 7617595014